
वर्ष-10, अंक-171
इन्दौर, मंगलवार
17 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**
दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभवन से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।
-चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# झिलमिल झाँकी और अखाड़ों का कारवां निकलेगा आज





**इंदौर (नगर संवाददाता)।** साल के सबसे बड़े जलसे की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। नगर निगम जहां झांकी मार्ग के साथ-साथ राष्ट्रपति के आगमन के लिए सडक़ों का पेचवर्क करने में जुटा है, तो मिल परिसरों में झांकियां भी तैयार हो गई हैं। कल शाम 6 बजे से चिकमंगलूर चौराहा से चल समारोह शुरू होकर अलसुबह तक जारी रहेगा। शहर का मध्य क्षेत्र अनंत चतुर्दशी के इस समारोह के लिए रतजगा करता है। 3 हजार से अधिक पुलिस जवानों के अलावा सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन की व्यवस्था की गई है। झांकियों के साथ निकलने वाले अखाड़ों के लिए भी पुलिस प्रशासन ने गाइडलाइन तय की है। इंदौर के अनंत चतुर्दशी के चल समारोह का गौरवशाली इतिहास रहा है और एक वक्त वह भी था, जब आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग झांकियों को निहारने आते थे। हालांकि अभी भी यह सिलसिला कायम है और बड़ी संख्या में लोग झांकियों का कारवां और अखाड़ों के प्रदर्शन को निहारने समूचे झांकी मार्ग पर रातभर जमे रहते हैं। मिलें हालांकि सालों पहले बंद हो गई, मगर मजदूरों ने परम्परा निभाना नहीं छोड़ा और तमाम वित्तीय संकटों के बावजूद झांकियों का निर्माण निगम, प्राधिकरण, प्रशासन से लेकर अन्य जगह से मिलने वाली आर्थिक मदद से किया जाता रहा है। कल शाम 6 बजे से चिकमंगलूर चौराहा से झांकियों का कारवां शुरू होगा, जो जेल रोड, एमजी रोड, मृगनयनी, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नृसिंह बाजार, कपड़ा बाजार, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होते हुए अपने-अपने स्थल पर पहुंचकर समाप्त होगा। कलेक्टर आशीष सिंह और सभी अधिकारियों ने पिछले दिनों झांकी मार्ग का अवलोकन किया, तो पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने कल कंट्रोल रूम में बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा चल समारोह की तैयारियों के भी निर्देश दिए। इस बार 26 झांकियां कारवां में शामिल रहेंगी। (शेष पृष्ठ 8 पर)

## जम्मू-कश्मीर में पहले फेज में NC-कांग्रेस भारी

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। यूथ परेशान है। यहां न सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, ना प्राइवेट सेक्टर इतना आगे बढ़ा है कि जॉब मिल जाए। मैं पोस्ट ग्रेजुएट हूं। नौकरी नहीं मिली। इस वजह से कार एसेसरीज की छोटी सी दुकान चला रहा हूं।' ये सिर्फ जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में रहने वाले इरफान अहमद सोफी की परेशानी नहीं है। यहां का हर युवा इसी मुश्किल का सामना कर रहा है। युवा मुजैर कहते हैं, 'यहां बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। PhD करने वाले भी घर बैठे हैं। मैंने नर्सिंग की पढ़ाई की है। नौकरी नहीं मिली, इसलिए मंडी में काम करने जाता हूं।' जम्मू-कश्मीर की लोकल पार्टियों के लिए चुनाव में बेरोजगारी नहीं, बल्कि आर्टिकल-370 को वापस कराना सबसे बड़ा मुद्दा है। बेरोजगारी दूसरे नंबर पर है। पहले फेज में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस अलायंस सबसे मजबूत बनकर उभर सकता है। उसे 12-13 सीटों पर जीत मिल सकती है। दूसरे नंबर पर BJP और PDP रह सकती हैं। दोनों को 4-6 सीटें मिल सकती हैं। निर्दलीय को 1-2 सीटें मिलने की उम्मीद है। साउथ कश्मीर से हृष्ट-

## दो महीने में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की दूसरी कोशिश



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के फ्लोरिडा गोल्फ क्लब में पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कथित तौर पर दूसरी बार कोशिश की गयी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (एफबीआई) इस मामले की जांच कर रहा है। यह दो महीने में श्री ट्रंप की हत्या की दूसरी कोशिश है। सोमवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। घटना के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। श्री ट्रंप पर पहला हमला उनके प्रचार अभियान के दौरान किया गया था, जिसमें वह सुरक्षित बच गये थे। तीन कानून प्रवर्तन सूत्रों के अनुसार, श्री ट्रंप की हत्या के प्रयास के संबंध में हिरासत में लिया गया व्यक्ति रयान वेस्ले राउथ है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि उनके कार्यालय को दोपहर बाद 1.30 बजे सूचना मिली कि ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब के दायरे में झाड़ियों में रायफल लिए हुए एक व्यक्ति

**पकड़े गए मजदूर ने किया खुलासा-**

## गरीबों को खालिस्तानी आतंकवाद में धकेला जा रहा



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।**

यहां एक कोठी पर ग्रेनेड से हुए हमले के मामले में एक दिहाड़ी मजदूर रोहन मसीह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच और आरोपी से हुई पूछताछ में खुलासा हुआ है कि हमले में पाकिस्तान में छिपे खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा का हाथ बताया जा रहा है। इस हमले में कई खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में गिरफ्तार दिहाड़ी मजदूर रोहन मसीह ने कई खुलासे किए हैं। रोहन ने रिंदा के यार के बारे में खुलासा किया है। हरप्रीत सिंह, जिसे हैप्पी पाशिया के नाम से भी जाना जाता है उसे रिंदा का यार बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाशिया एक अमेरिकी गैंगस्टर से आतंकवादी बना है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रामदास (अमृतसर) और डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर) क्षेत्रों में कमजोर वर्गों के युवाओं को आपराधिक और आतंकी अभियानों के लिए सक्रिय रूप से भर्ती कर रहा है।रोहन को चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट में शामिल होने के आरोप में पंजाब पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि हमले को अंजाम देने के लिए उसे बहुत कम पैसे दिए गए थे, जिसमें से ज़्यादातर उसके बुनियादी जीवन-यापन और खाने-पीने के खर्च थे। इस साल की शुरुआत में पुलिस ने पाकिस्तान स्थित रिंदा और हैप्पी पाशिया द्वारा संचालित एक आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया था।

## 'स्त्री 2' के कोरियोग्राफर जानी मास्टर पर लगा यौन शोषण का आरोप



**मुंबई।** मशहूर कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा, जिन्हें 'जानी मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। उनके खिलाफ हैदराबाद के रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। 21 वर्षीय महिला कोरियोग्राफर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई बार उसका यौन शोषण किया है। जानी हाल ही में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' में गीत 'आई नई' को कोरियोग्राफ करने के लिए चर्चा

## इराक में तीन आईएस आतंकवादी मारे गये

**बगदाद (एजेंसी)।** इराक के उत्तरी किरकुक शहर में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुयी मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गये है। किरकुक के पुलिस अधिकारी सलाम अल-ओबैदी ने सोमवार को शिन्हुआ को बताया कि बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर दूर किरकुक में इराकी सुरक्षा बलों और मोटरसाइकिल पर विस्फोटक बेल्ट पहने दो आईएस आतंकवादियों के बीच

## मेरा मजाक उड़ाया गया : मोदी




**अहमदाबाद।** गुजरात दौरे के दूसरे दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के GMDC मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गुजरात आया हूं। आप लोगों ने हर वक्त मुझ पर प्यार लुटाया है। जब बेटा अपने घर आकर आशीर्वाद लेता है तो ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। उत्साह और जोश और बढ़ जाता है। पीएम ने ये भी कहा कि कई लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन मैं सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि में पैदा हुआ बेटा हूं। चुप रहकर देश हित में नीति बनाने में लगा रहा। प्रधानमंत्री ने यहां 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**शिवसेना विधायक का विवादित बयान**

## जो राहुल गांधी की जीभ काटेगा, मैं उसे 11 लाख रुपए दूंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विवाद बढने् के बीच शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने घोषणा की है कि आरक्षण व्यवस्था खत्म करने के राहुल गांधी के बयान पर जो कोई भी उनकी जीभ काटेगा, उसे वह 11 लाख रुपए देंगे। संजय गायकवाड़ ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह का बयान दिया है, उससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने झूठ फैलाकर वोट लिए कि संविधान खतरे में है, भाजपा संविधान बदल देगी और आज अमेरिका में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था, उसे खत्म कर देंगे। उनके मुंह से ऐसे शब्द निकले हैं... जो कोई उनकी जीभ काटेगा, मैं उसे 11 लाख रुपए दूंगा। यह पहली बार नहीं है जब विदर्भ क्षेत्र में बुलढाणा विधानसभा सीट से विधायक गायकवाड़ विवादों में आए हैं। पिछले महीने एक पुलिसकर्मी के शिवसेना विधायक की कार धोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। गायकवाड़ ने बाद में कहा था कि पुलिसकर्मी ने कार में उल्टी कर दी थी और बाद में अपनी मर्जी से गाड़ी साफ की थी। गायकवाड़ ने फरवरी में दावा किया था कि उन्होंने 1987 में एक बाघ का शिकार किया था और उसका दांत उन्होंने अपने गले में पहन रखा है। इसके तुरंत बाद राज्य के वन विभाग ने बाघ के कथित दांत को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था तथा गायकवाड़ पर वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया था। बता दें कि 9 सितंबर को, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण को खत्म करने के बारे में तब सोचेगी जब भारत एक निष्पक्ष स्थान बन जाएगा, जो कि ऐसा नहीं है। कांग्रेस नेता वाशिंगटन, डीसी में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जाति जनगणना कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी - ओबीसी, दलित और आदिवासी - का देश में उचित प्रतिनिधित्व नहीं होना कमरे में हाथी है। राहुल गांधी ने कहा, कमरे में हाथी है। जब हम संस्थानों, व्यवसायों और मीडिया पर कब्जे की बात करते हैं, तो कमरे में हाथी यह है कि भारत के 90 प्रतिशत - ओबीसी, दलित, आदिवासी - खेल का हिस्सा ही नहीं हैं। यही कमरे में हाथी है।

## मंगलुरु में मस्जिद पर पथराव, पांच विहिप के कार्यकर्ता गिरफ्तार



**मंगलुरु (एजेंसी)।**

कर्नाटक के मंगलुरु में एक मस्जिद पर पथराव करने पर हिंदू संगठन के पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पथराव मंगलुरु के बाहरी इलाके में कटिपल्ला तीन ब्लॉक की बद्रीया मस्जिद पर किया गया। बताया जा रहा है कि पथराव करने वाले बाइक पर आए थे। इस हमले से मस्जिद की खिड़कियों के कांच टूट गए। पुलिस का कहना है कि आरोपी दो बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद मंगलुरु के बाहरी इलाके सुरथकल के पास कटिपल्ला में रात को लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को तैनात किया गया है। घटना रविवार रात हुई। दो बाइक पर चार बदमाश आए और मस्जिद पर पथराव किया। मंगलुरु पुलिस कमिश्नर ने बताया कि घटना में विश्व हिंदू परिषद के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आगे की जांच शुरु कर दी गई

## मध्य सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 40 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में रविवार को कम से कम 40 नागरिक मारे गए। गैर-सरकारी समूह अबू गौता प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा, ÷गीज़ीरा राज्य के अबू गौता क्षेत्र के गौज़ अल-नका गांव पर आरएसएफ के हमले में कम से कम 40 नागरिक मारे गए।÷ बयान के अनुसार, आरएसएफ विस्थापित ग्रामीणों को मृतकों को दफनाने के लिए वापस लौटने से रोक रहा है, इसलिए गांव में कई शव खुले में पड़े हैं।

## स्टार लेडी अफसर के ट्रांसफर से हिल गया हिमाचल



**शिमला (एजेंसी)।** संधोल की तहसीलदार ओशिन शर्मा का ट्रांसफर क्यों किया गया है, इसको लेकर हिमाचल सरकार के किसी भी सीनियर अधिकारी ने कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही ये बताया गया है कि उन्हें अबतक कोई पोस्टिंग क्यों नहीं दी गई है। मंडी उपायुक्त कार्यालय के करीबी सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सोशल मीडिया स्टार लेडी अफसर ओशिन का ट्रांसफर प्रशासनिक आधार पर किया गया है क्योंकि उनका काम संतोषजनक नहीं था। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स वाली इस अफसर को चाहने वालों ने पूरे हिमाचल को हिला रखा है। लोग ट्रांसफर के कारण जानना चाहते हैं। हिमाचल की 32 वर्षीय लेडी अफसर ओशिन शर्मा सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काफी एक्टिव हैं। उनके कई

## नाव पलटने से तीन की मौत

**सोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट पर मछली पकड़ने वाली नाव पलटने से उसपर सवार तीन नाविकों की डूबने से मौत हो गई जबकि अन्य एक को बचा लिया गया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने सोमवार को तट रक्षक के हवाले से यह जानकारी दी। तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि 35 टन वजनी मछली पकड़ने वाली नाव स्थानीय समयानुसार सुबह साढे सात बजे पश्चिमी बंदरगाह शहर गुनसन के पास पलट गई। नाव पर सवार आठ नाविकों को बचा लिया गया, लेकिन उनमें से एक कप्तान सहित तीन की हृदय गति रुकने से अस्पताल ले जाने के बाद मौत हो गई।

## संपादकीय

### 960 करोड़ लागत के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 की बदहाल स्थिति



*देश का पहला साउंडप्रूफ हाईवे, जिसका उद्घाटन बड़ी धूमधाम से 2021 में किया गया था। यह बदहाली का शिकार हो चुका है। 28 किलोमीटर लंबा हिस्सा बनाने में 960 करोड़ रुपये की लागत आई थी। सिवनी और नागपुर के बीच में इस राजमार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। खराब स्थिति के कारण यह हाईवे देश भर की सुर्खियों में बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 का यह खंड, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की महत्वाकांक्षी परियोजना थी। साउंड प्रूफ बनाने के लिए इस राजमार्ग में पानी की तरह पैसा बहाया गया था। वहां पर आज बड़े-बड़े गड्ढों और बातरतीब मरम्मत नहीं होने की वजह से सिंगल लाइन से गाड़ियां निकल रही हैं। इस कारण वाहन चालकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस पर भी यहां से गुजरने वाले वाहनों को टोल टैक्स पूरा देना पड़ रहा है। साउंडप्रूफ हाईवे को बनाने के लिए दोनों तरफ मेटल शीट्स लगाई गई हैं, ताकि वाहनों के शोर से पास के नेशनल टाइगर रिज़र्व के जानवरों और पशु पक्षियों पर शोरगुल का प्रभाव न पड़े। इस हाईवे पर आवाजाही करते समय यात्रियों को न केवल आवाज़ वरन सड़कों की खराब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 200 फीट लंबा हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिसका पूरा पुनर्निर्माण किया जा रहा है। सड़कों के बीच बड़े-बड़े गड्ढे के कारण कई दुर्घटनाऐं हो गई हैं। एक ही साइड से यातायात को चलाया जा रहा है। दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। राजमार्ग के 28 किलोमीटर के क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जिसके कारण वाहन चालकों का चलना दूभर हो गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के रखरखाव में गड़बड़ी को उजागर करती है। भारत के सबसे आधुनिक राजमार्गों में से एक इस राजमार्ग में सुरक्षा के विशेष उपाय किए गए थे। वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर काफी प्रयास के बाद इस राजमार्ग को बनाने की अनुमति मिली थी। उच्च लागत वाली परियोजनाओं का दीर्घकालिक लाभ तभी मिल सकता है। जब इनका उचित रख-रखाव हो निर्माण कार्य बेहतर हो, भ्रष्टाचार ना हो। पिछले 10 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर बहुत बड़े-बड़े दावे किए गए। अब एक-एक करके घपले-घोटाले बड़ी संख्या में खुलकर सामने आने लगे हैं।*

# तिकड़मबाजी का जमाना





जय प्रकाश पाण्डेय
जय नगर, जबलपुर
9977318765



व्यंग्य
अरण्यरोदन

सच बात तो ये है कि आज के जमाने में जुगाड़बाजी से ही जीवन की गाड़ी चलती है। जुगाड़ बनता है तभी बिजली जलती है और रेल दौड़ती है, हवा में उड़ने के लिए जुगाड़ बनाना पड़ता है। गरीबी में गीला आटा जुगाड़बाजी से पुड़ी बना देता है। पिछड़ा आदिवासी विकास को तरसता गरीब जिला है। सब काम यहां जुगाड़ से होता है। जुगाड़ किसी का सगा नहीं होता। दरअसल जुगाड़ अकेला काम नहीं करता, खाकी लिफाफे में गांधी जी वाले रंगबिरंगे नोट और जुगाड़बाजी जरूरी है हांलाकि ये बात यहां से राजधानी तक लागू होती है। पिछड़ा आदिवासी जिला है। नये कलेक्टर साहब राजधानी से आये हैं, जुगाड़ नहीं जमा पाए होंगे तभी तो ये पिछड़ा आदिवासी छोटा बेकमाऊ जिला मिला है। यूं तो हमारे महान देश में जुगाड़ और पैसे से थाने भी बिकते हैं और जिले भी। पता चला है कि जो नये कलेक्टर आये हैं वे व्यंग्यकार भी हैं। सब जानते हैं कि जुगाड़ से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री भी बनते हैं फिर जुगाड़ लगाने व्हाइट हाउस जाते हैं। बेचारे कलेक्टर के ज्वॉइन करने के तीसरे दिन ही उनकी कमर अकड़ गई वे तो नहीं अकड़े कमर अकड़ गई, भीषण दर्द.... उठने बैठने में तकलीफ ही तकलीफ।

उनकी कमर क्या अकड़ी जुगाड़ लगाने वालों की चांदी हो गई। एसडीएम ने सोचा अकड़ी कमर जल्दी ठीक करा देंगे तो साहब से अच्छा जुगाड़ जम जाएगा। थाना प्रभारी और कई खाऊ विभागों के साहब और नेता कमर ठीक कराने के लिए तरह-तरह के जुगाड़ की तरकीबें सोचने लगे। पूरा जिला जुगाड़ लगाने की तरकीबों में व्यस्त हो गया। कभी-कभी उदासी जब जुगाड़बाजी करती है तो चेहरे में मुस्कुराहट आ जाती है। अचानक बड़े बाबू को याद आया दो - तीन साल पहले एक कलेक्टर की भी कमर अकड़ गई थी सब तरह के इलाज और जुगाड़ के बाद जब ठीक नहीं हुई थी तो उल्टा पैदा हुए गंगू की लात खाकर कमर तुरंत ठीक हो गई गई थी, सो एसडीएम के सामने सकुचाते हुए बड़े बाबू ने अपनी बात कह दी। एसडीएम को बात जमीं। उसने भी सुना था कि अकड़ी कमर में उल्टा पैदा हुए आदमी की जब लात पडती है तो कमर ठीक हो जाती है दर्द तुरंत गायब हो जाता है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों को फोन किया तो पता चला कि वे सब ट्रान्सफर के जुगाड़ से राजधानी गए हैं। पिछड़ा गरीब आदिवासी ज़िला था तो हड्डी का डाक्टर यहां था ही नहीं। अस्पताल में जो ऐरा-गैरा ऊंघता हुआ डाक्टर मिला तो उसकी बंगले में ड्यूटी लगा दी गई।

पूरे जिले में जुगाड़बाजी की होड़ से कलेक्टर भी परेशान हो गए फोन पर फोन और मेडमों के भी फोन। कमर क्या अकड़ी बंगला कलेक्टोरेट में तब्दील हो गया। भीड़ बढ़ रही थी सो पुलिस का जुगाड़ करना पड़ा। बड़े बड़े नेता, अधिकारी, गुनिया, तगड़े जुगाड़ू सब पहुंच गए। कुछ टुटपुंजिया पत्रकार मजाक करने लगे - कलेक्टर की कुर्सी में किसी भूत-प्रेत का वास है अच्छा हुआ उठा के पटका नहीं...... दूसरे ने कहा हो सकता है पुराने कलेक्टर ने किसी गरीब की बिटिया को सताया हो तो मरने के बाद वो भूत बनके कमर पकड़ लेती हो... । खैर, जो भी हो बंगले के अंदर नये कलेक्टर कमर के दर्द से कराह रहे थे। एसडीएम बाहर आये गार्ड से पूछा - कोई गंगू नाऊ पहले बंगले में आता था कभी....? गार्ड ने बताया यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव में गंगू नाई रहता है। एसडीएम की लालबत्ती वाली जीप लिप-लिप बत्ती जलाती गंगू के गांव पहुंची.... गांव भर के लोग गाड़ी घेर कर खड़े हो गए, गंगू की तलाश की गई पता चला कि पेट साफ करने के जुगाड़ में गंगू लोटा लेकर खेत तरफ गया है, जो पत्रकार साथ आये थे उनने खुले में शौच करते गंगू की फोटो खींच ली, पत्रकार को लगा कि इस बहाने नाम कमाने का अच्छा जुगाड़ बन गया। गाँव भर में चर्चा चल पड़ी.... गंगू बड़ा जुगाड़ू है, बड़े बड़े साहबों के बंगलों में गोटी फिट कर लेता है। गंगू की लघुशंका और दीर्घशंका में व्यवधान हो गया पेट से पूरा मसाला निकलने के पहले सिपाही उठा ले गया। गंगू डर गया पर जब एसडीएम ने प्यार से गंगू भाई कहके पुकारा तब गंगू की जान में जान आई। गंगू ने जब असली बात सुनी तो तगड़े जुगाड़ की बात पर झट पाजामा पहन और जीप में दौड़ कर बैठ गया। गंगू जीप में बैठते हुए बोला - जब चाबी गुम जाती है तो जुगाड़बाजी से ही ताला खुलता है। रास्ते भर गंगू ने पुराने कलेक्टर, थानेदार, तहसीलदार आदि के मालिस के किस्से सुनाए और अपनी माँ को धन्यवाद दिया कि मां ने उसे उल्टा क्या पैदा किया, बड़े बड़े जुगाड़ जुगाड़ घर बैठे पहुंच जाते हैं........ ।


कराहते कलेक्टर के दर्द से गंगू व्याकुल हो गया, शुध्द कडुवा तेल मंगाया गया, शहर के दुकानदार जुगाड़ के चक्कर में तेल ले ले के दौडने लगे। गंगू नाई की रसभरी बातों ने कलेक्टर का मन मोह लिया, एसडीएम को कमरे से बाहर भगाया गया, सब खिड़कियों के पर्दे खींच दिए गए.... मुख्य दरवाजे की चटकनी लगाके गंगू ने कलेक्टर साहब की पेंट खोल दी....... कमर में हाथ रखकर अंगुलियों से जायजा लिया.... कलेक्टर साहब कराह उठे, तेली का तेल और नाऊ का हाथ कमर सहलाने लगे..... महाजुगाड़ के रास्ते खुल रहे थे...... गंगू ने दायां पैर धीरे-धीरे कमर में रखके तेलभरे दोनों हाथों से जोर का झटका मारा........ सारा दर्द गायब.... कड़बड़ाके कलेक्टर साहब उठके बैठ गए........ जादू जैसा कारनामा..... आंखों से हंसी की फुहार होंठों तक फैल गई। गंगू ने मन ही मन में सोचा कि सुविधा में पले बड़े आदमी का दर्द बड़े आकार का होता है पर गरीब के पास दर्द डरते डरते आता है और एन्जॉय कराते हुए मंद मंद मुस्कराता हुए बिदा होता है। कलेक्टर साहब की अकड़ी कमर जुगाड़ से सीधी हो गई, शहर भर को खबर हो गई, अब भीड़ के कई लोग गंगू से जुगाड़ लगाने के तरीके सोचने लगे, एसडीएम श्रेय लेने लगे, डाक्टर चिढ़ गया, गंगू के गांव का सरपंच भी श्रेय लेने से नहीं चूका। अब जुगाड़ का ज्वार बिखर गया। बंगले में गंगू की आवभगत हुई।

गंगू की अलबेली रसभरी बातों से कलेक्टर को लगा कि व्यंग्य लिखने का अच्छा जुगाड़ है गंगू..... गंगू के पास व्यंग्यभरी बातों का खजाना भरा है। कलेक्टर साहब नये युवा व्यंग्यकार बने थे सो अब रोज गंगू का आना जाना होवेगा, अब मालिश का भी जुगाड़ हो गया बंगले में मालिश होगी नयी-नयी बातें होगीं नये नये व्यंग्य लिखे जाएंगे......... कलेक्टर का मर्ज क्या ठीक हुआ बंगले के बाहर दो जुगाड़ू लड़ पड़े एक ने कहा कि गनपत के एमएलए की टिकट का जुगाड़ मैंने किया था, दूसरा बोला - गनपत को एमएलए बनाने में वोटों का जुगाड़ मैंने किया था। थाना प्रभारी एसपी से जुगाड़ लगाने पहुंच गए बोले - गंगू मेरे थाने का मुलाजिम है। कालेज के प्राचार्य ने जुगाड़ पर क्लास ले डाली। दुकानदार तेल के जुगाड़ में लड़ पड़े। पूरे जिले में जुगाड़बाजी की हवा फैल गई। गाँव भर के लोग गंगू से जलने लगे। एक दिन मालिश करते हुए गंगू ने कलेक्टर को बताया कि पुराने कलेक्टर साहब भी बंगले में में अकेले रहते थे बड़े जुगाड़ू तरह के जीव थे, एक स्कूल की सुंदर मेडम से उनका जुगाड़ जम गया था,

थानेदार साहब ने घूस खाने के लिए कई दलालों का जुगाड़ कर लिया था। एक तहसीलदार साहब कलेक्टर के लिए इतने तरह के जुगाड़ में व्यस्त रहते थे कि पब्लिक का कोई काम ही नहीं करते थे। जिला पंचायत के बड़े बाबू गोटी फिट करने में इतने माहिर थे कि महिला सरपंचों को सरे आम पकड़ लेते थे महिला सरपंचों को भड़का कर सब अधिकारियों को परेशान करवाते थे झूठी शिकायतें करवा के घेराव कराते और शीलहरण के आरोप लगवा के पैसे ऐंठने के जुगाड़ में रहते थे। कलेक्टर साहब ने टी वी चालू किया खबरें चल रहीं थीं, सुंदर सी मेडम बोली - जिले के प्रभारी मंत्री गोटी फिट करने के चक्कर में हटाए गए.... ट्रेन में बर्थ के जुगाड़ में हुई झड़प से गोली चली.... एक बड़े डाक्टर ने जुगाड़ और पैसे के दम पर अपने बेटे के मेडिकल कॉलेज में गलत ढंग से एडमिशन कराने के चक्कर में जेल गए..... बिजली चुराने के जुगाड़ में दो मरे..... सेल्फी लेने के जुगाड़ में कालेज छात्र खाई में गिरा। अचानक बिजली चली गई, गंगू ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपना दूसरा घर बनाने का जुगाड़ फिट कर ही रहा था कि कलेक्टर की गर्दन झटके से टेढ़ी हो गई...... शहर भर में जुगाड़ लगाने के चर्चे फिर गर्म हो गए....... ।

## चिंतन-मनन


### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार



पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# जन्मदिन का ढकोसला ,निवरे चोंचले ?



दिनेश गंगराड़े, समरपार्क, निपानिया, इंदौर 452010 मप्र

अब फिर जन्मदिन आया है,जब भी आता है एक साल कम कर जाता है।अक्सर लोग जन्मदिन की बधाईयां देते है जबकि होना ये चाहिए कि हर बर्थडे पर बधाई देने की बजाय अफसोस जताया जाना चाहिए,इसलिए कि जीवन मे तुम्हे जितनी जिंदगी आबंटित हुई है उसमें से एक साल और सटक गया है।संयोग से आज शिक्षक दिवस भी है।उन गुरु को नममस्तक जिनने दाल-रोटी जुगाड़ने काबिल बनाया,वें ट्रिक दी जिससे इंसान बने। जीवन के सड़सठ शिक्षक दिवस मना चुका हूं ये आज छह पे आठ,अड़सठ वां टीचर्स डे आया है।जन्म देहात में हुआ किंतु ये देहाती,पढ़-लिख कर शहर आ गया अपना मजमा जमानेदुनिया के मेले में जन्मा शख्स अपनी दुकान जमाने आता है।कोई बड़ा बन जाता है कोई अदना रह जाता है।पुराने जमाने में इस दिन को बर्षगाँठ बोलते थे याने जैसे-जैसे साल सटकते जाते उतनी गांठ लगती जाती,कोई इसे संख्या से जोड़ता कोई जीवन की अच्छी-बुरी गांठें ,बात के रूप में जोड़ते,याने गठान बांध लेते कि अमके ने ये बुरा कहा था, अच्छी बात किसी को भी स्मरण नही रहती हैचुभने वाली यादें, बातें इन अवसरों पर याद आती है।इन साढ़े छह दशकों में ऊपर वाले की दया दृष्टि से सब ठीक रहा,व्यक्ति को अपने बीतते जन्म दिवसों पर सबक लेना चाहिए और एक अच्छाई ग्रहण करना चाहिए तथा दो बुराई छोड़ना चाहिए।इंसान जब जब ऊँचाई पर जाता है तो उसे उतना सहज,सरल,होना चाहिए किंतु होता नही है।विनम्रता को लोग बेच खाते है और बाजार से क्विंटलों अकड़,अहंकार खरीद लाते हैं और दीन दुखियों को भुलाकर, कड़ले भट्ट होकर अपना जन्मदिन मनाते है।मेरे साढू बकते है लोगों को अपनी बर्थडे याद नही रखना चाहिए। कौन तोहमत मोल लें एक तो खादड़े लोगों को पार्टी देने की, दूजी ये वजन ढोने की अपुन इत्ते साल के ठूंठ हो गएनिवरा टेंशन,कहां की ठानटालीकि अपन इत्ते साल से शरीर ढो रहे है।लोगों के ताने सुन रहे हैं।किसकी सुने किसकी मानेजिन आदमी-लुगाइयों में नी पटती हो वो गिने जन्मदिन की संख्या वहां लुगाई हिकारत से पूछती है कितने साल के मरद हो गए हो अथवा पत्नी पीड़ित बापड़ा पति उत्साह से पूछे और कितने साल झेलना है,कब से भुगत रहा हूँऐसे कचकची दंपत्ति बर्षगाँठ पर ही भीषण कचकच-भचभच करते है। गोया जन्मदिन ना हुआ, किचानवाड़ा दिवस हो गया।जन्मदिन मनाते थे मेरे साले के साढू, के काका के दामाद श्री, उन धनी-लुगाई में इतनी छनती थी कि जन्मदिन के दो मयना पेले से भाभी बकने लगती थी ये लो वो रांड बरथ डे फिर से मरने आ गईउधर दादा दुखी होते लो एक साल और कम पड़ गया तुम्हारी भाभी का साथकायदे से जन्मदिवस मनाने का चोंचला अंग्रेजों ने शुरू किया क्योंकि उनको दारू चिकन की तलब जो लगती थी।फिर दोयम दर्जे के लोगों ने भी दाल-बाफले,बेसन चक्की,भक्षण हेतु इसे मनाना स्टार्ट किया।आजकल ज़माना ÷लिव इन..÷का है जिसमे छोरा,मालदार छोरी से माल हीच कर पार्टी उड़ाना चाहता है,उधर अति आधुनिक यौवना, नाना(छोरे) को लूचने की गरज से महंगे आयटम आटोपने,अच्छा भकोसने की दृष्टि से जन्मदिवस मनाते हैं ताकि प्रेमी को लूट भी सकें और मजेका, सुस्वादु खा भी सकें जन्मदिन तो एक बहाना होता है उद्देश्य तो टोटली लूटना होता है।घान भेले घान सलटाती है वे बर्थडे पर जन्मदिन के मायने ही बदल गए है पहले बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्ति मूलभावना होती थी अब खेचों,खाओ,हाथ मत जाओ का फंडा चलता है।महंगी गिफ्टे,महंगा स्वादिष्ट खाना,जन्मदिन मनाने का यही सटीक बहाना।बहुत कम तीर निशाने पर बैठता है,वरना तो मौज मस्ती है,धींगा मस्ती हैअसफल प्रेमी का बर्थडे पर तेल हीट जाता है,न माया मिलती है न ही रामधरा रह जाता है बिचारा अकेला रामजन्मदिन मनाने की अपेक्षा ÷मरण दिन÷ का जश्न मनाया जाना चाहिए कि और कितने वर्ष इस स्वार्थी संसार मे गुजारना हैएक-दूजे को झेलना है,दिल के छाले भुगतना हैसन सत्तर के आसपास तक आम हिंदुस्तानी जन्मदिन की छोड़िये अपनी बीबी तक को नहीं मनाता था। रिवाज ही नहीं था ऐसा करने का। ये मान मनुव्वल अमीरों के चोचले थे और ग़रीबों के लिये बिना किसी को मनाये ,खुद मान जाने में ही ख़ैरियत थी।उन दिनों तक बर्थडे जैसी कोई चीज होती ही नही थी देश मे। कही सुनाई ही नही पड़ती थी ये बात कि फ़लाना जन्मदिन मना रहा है,ढिमका बर्षगाँठ मना रहा अपनी दिवाली दशहरा और बाप का श्राद्ध मनाने में लगे लोगों की समझ से बाहर थी ये बात कि जन्मदिन मे मनाने जैसा क्या है। इक्के दुक्के जो मनाते भी थे वो बिना जाँच पड़ताल के बड़े आदमी मान लिये जाते थे।उन दिनों घर के सामने खटिया बिछाकर धूप सेंक रहे लोगों के पास वक्त होता ही कहाँ था कि किसी के पैदा होने का हिसाब रखे। इस फ़ालतू काम में दिलचस्पी किसी को होती नहीं थी। उन दिनों दिमाग़ पर ज़ोर डालने, याद रखने जैसे मुश्किल काम में पड़ने के बजाय एक और औलाद पैदा कर लेना ज़्यादा आसान काम माना जाता था। लोग इस नीरस काम के बजाय, पड़ौसी के यहाँ पकने वाली दाल में दिलचस्पी रखते थे। ऐसे अनोखे दिनों में किसी का जन्मदिन मन जाये ये बड़ी अटपटी सी बात थी।बर्थ डे का घोर चलन शुरू किया हिंदी फिल्मों ने।हॉल मे खूब सारे लोग जमा है ! हीरोईन का बर्थ डे है।बी ए पास हीरो ऐसा पियानो बजाते हुये जो आधा कमरा क़ब्ज़ाये रहता था ,गाना गा रहा है। साफ पता चलता था वो हीरोईन पर डोरे डाल रहा है या उसे उसकी बेवफ़ाई के ताने दे रहा है। यह बात हीरोईन के बेवकूफ बाप और विलेन टाईप के मंगेतर को छोड़कर थियेटर की थर्ड क्लॉस मे बैठे आदमी तक की समझ मे आ जाती थी। हीरोईन ,पियानो और गाने के बिना बर्थडे मनाना मुमकिन नही है। जाहिर है ये अमीरों का ही शग़ल है। वो तो बाद मे जान सका कि ऐसा हर आदमी जो पैदा हुआ है बिना पियानो के भी बर्थ डे मना सकता है। कुल मिलाकर उन दिनो बर्थ डे एक अनहोनी जैसी चीज थी। अब बर्थ डे मने तो तब ना जब आपकी अम्मा को पक्का पता हो कि आप वाक़ई किस साल की किस तारीख को तशरीफ ले आये थे। आज से पचास पचपन साल पहले तक तो हर घर मे ,हर साल बच्चो का पधारना नियमित रूटीन था। बंदा यदि किसी साल बच्चे पैदा करने से चूक जाये तो घर के बुजुर्गों के साथ अडौसी पडौसी भी चिंता करने लगते थे। ऐसे माहौल मे अम्मा से बर्थ डे याद रखने की उम्मीद रखना ही बेमानी थी।और फिर किस किस की बर्थडे याद रखी जा सकती थी। और जो बात याद रखने लायक जैसी भी ना हो उसे मनाने का सवाल ही कहाँ उठता है। चूँकि हर पैदा हुये आदमी को दुनिया मे रोज सत्रह काम होते है। काम करने ,करवाने के पहले दुनिया हमेशा यह जानना चाहती है कि आप पैदा हुये थे भी नही। ऐसे मे सन साठ सत्तर के दिनो मे पैदा हुये ऐसे हर बंदे के लिये जिनकी बर्थ डे याद रखने मे उसकी अम्मा मे कोई दिलचस्पी नही दिखाई थी ,पैदाइश का दिन तय करने का एक मौलिक तरीका था।तब ऐसा प्लेग फैला था कि गाँव के गाँव खाली हो गए थे।सूखा पड़ा था भयंकर,झीरी का साल जब गेंहू पतले पट्ट हुए थे।कक्कू मरे थे उस महीने और फिर जो भी तारीख सूझ जाए अंदाज़न,वो उस ग़रीब की पैदाइश की तारीख़ मान ली जाती थी।वैसे बंदा कब पैदा हुआ है ये तय करने का काम कम से कम उस दिन तक तो हरगिज नही किया जाता था ,जब तक किसी जुलाई मे बाप को यह शक ना हो जाये कि मेरा ये वाला लड़का स्कूल जाने लायक हो गया है,स्कूल खुल गए हैं,तब के हिंदी स्कूल के मास्साब ही तय किया करते थे तब कि शर्माजी का ये चौथा वाला लड़का कब पैदा हुआ है। इस मुश्किल काम के लिये एक बडा आसान सा तरीक़ा इजाद किया हुआ था तब के मास्टरों ने। बच्चे से कहा जाता था कि अपना दाहिना हाथ सर पर से घुमाकर बाँया कान पकड कर दिखाये। यदि बच्चा ये कर जाता था तो मास्टर मान लेते थे कि शर्माजी की ये कलाकारी क़रीबन छह साल पहले की है और फिर छह साल पहले गुज़री जुलाई की कोई तारीख बतौर उसके जन्मदिन तय कर दी जाती थी। चूँकि अब जमाना बदल चुका। फेसबुक के दिन है ये।

और फेसबुक के मुताबिक़ उससे जुड़े हर बंदे का एक जन्मदिन होता ही है। रिश्तेदार और दोस्त ऐसे हर आदमी से जन्मदिन मनाने और ऐसे मौक़े पर बुलाये जाने की उम्मीद रखते है जो उनके यहाँ दो दो बार प्लेट बदल कर डिनर ठेक गया हो।

ऐसे में कुछेक सूमड़े लोग अब भी बचना चाहते है बर्थ डे मनाने से तो कुछ लोग ऐसे भी है जो इसे साल मे एक से ज्यादा बार मना कर,ढ़ेर सारी उपहार बटोरना चाहते है। ऐसे सारे बर्थ डे की कसर पूरी कर लेना चाहते है जो मां से अनजाने मे हुई लापरवाही की वजह से वक्त पर नही मनाये जा सके। ये वो लोग है जो मेहमानों के जाने के फौरन बाद उनसे हासिल गिफ्ट पैकेट्स के रैपर्स का तिया पाँचा करने का रोमांच साल मे एक बार से ज्यादा महसूस करना चाहते है।



पुष्प हरि मीरचंदानी ट्रस्ट द्वारा लोककल्याण जनहित में एम्बुलेंस भेंट , मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा किया गया लोकार्पण

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

दानदाताओ की श्रेणी में प्रमुख पुष्प हरी मीरचंदानी ट्रस्ट द्वारा जनहित ओर लोकसेवा हेतु एम्बुलेंस भेंट की गई ,जिसका लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा एक धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम में समारोह पूर्वक किया गया । उल्लेखनीय है कि , इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा के पिपलिया कुमार निपानिया क्षेत्र में आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ,पुष्प हरि मीरचंदानी ट्रस्ट की ओर से श्री सचिन उपाध्याय एसडीएम श्री आर एम त्रिपाठी श्री पप्पू शर्मा श्री चिंटू सिलावट श्री किशोर पटेल श्री चंद्रशेखर पाराशर श्री सुरेश कुरवाड़े पार्षद श्री राजेश पांडे सुशील किशोर पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक महिलाए ओर कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित सिरतुरे एडवोकेट ने किया ।

# आज मंगलवार से शुरू होगा स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में भी स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर इस वर्ष का स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से शुरू होगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम होगी स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती पर संपन्न होगा। स्वच्छता अभियान में इस वर्ष अधिक से अधिक जन-भागीदारी पर और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिये प्रेरित करने के साथ सभी स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। मंगलवार 17 सितम्बर को स्थानीय स्तर पर परिस्थिति अनुसार नवाचार करते हुए अभियान को प्रभावी बनाया जायेगा। अभियान की शुरूआत में 17 सितम्बर को प्रदेश में किफायती दाम पर दवाईयाँ उपलब्ध कराने वाले जनऔषधि केन्द्रों का शुभारंभ भी किया जायेगा। इस वर्ष ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के तीन प्रमुख केन्द्र बिन्दु होंगे। इनमें जन-भागीदारी, जागरूकता और एडवोकेसी, अभियान का दूसरा स्तंभ स्वच्छता के लिये श्रमदान और स्वच्छता लक्षित इकाई का कायाकल्प। इस थीम पर उन जगहों को चिन्हित किया जायेगा, जहां लंबे समय से स्वच्छता पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे स्थानों पर पार्क, पाथ-वे और बच्चों के लिये मनोरंजन के साधन लगाने के बारे में जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्णय लिया जायेगा। अभियान के तीसरे स्तंभ के रूप में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच एवं सामाजिक सुरक्षा के बारे में निर्णय लिया जायेगा।

## स्वच्छता की भागीदारी

स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के दौरान स्थानीय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में अपशिष्ट प्रबंधन, संपूर्ण स्वच्छता और वेस्ट टू आर्ट पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित होंगी। अभियान के दौरान स्वच्छता पर केंद्रित ÷स्लोगन÷ लेखन के कार्यक्रम भी होंगे, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट संग्रहण का विशेष अभियान चलेगा। प्रमुख नदियों और अन्य प्रमुख नदियों तटों के साथ पर्यटन स्थलों पर विशेष सफाई कार्यक्रम भी होंगे। नागरिकों में जागरूकता लाने के लिये विभिन्न स्थानों पर रैली भी आयोजित की जायेगी। अभियान में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जायेगा, जहाँ सफाई की विशेष आवश्यकता है। वहाँ पर नागरिकों की सुविधा के लिये विशेष कार्य किये जाने पर निर्णय लिये जायेंगे। एक पेड़ माँ के नाम महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में पौध-रोपण के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

अनन्त चतुर्दशी चल समारोह 2024

# मंगलवार की रात निकलेंगी झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां

## सभी तैयारियां पूरी : कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर की गौरवशाली परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर आज 17 एवं 18 सितम्बर की दरमियानी रात को शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी। जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक और अन्य जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

इस वर्ष भी खजराना गणेश मंदिर, इंदौर विकास प्राधिकरण, होप टेक्सटाईल (भण्डारी) मिल, नगर निगम, कल्याण मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी और मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल तथा हुकमचंद मिल, जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं की झांकियां निकलेंगी। एक संस्थान की दो या तीन झांकियां रहेंगी जो आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ स्वचलित होंगी। झांकियों के साथ अखाड़े भी रहेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि चल समारोह के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। साथ ही साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी की गयी है। जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी निगरानी के लिये वाच टावर बनाये गये हैं। इन वाच टावर्स पर चिकित्सकों को भी तैनात किया गया है। साथ ही प्रमुख स्थानों पर मय चिकित्सक के एम्बूलेंस भी तैनात की गयी हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जायेगी। चल समारोह में शराब पीकर आने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए पुलिस द्वारा ब्रीथ एनेलाइजर के माध्यम से जाँच की जायेगी।

### झांकियों का क्रम

1.खजराना गणेश मंदिर, 2. इंदौर विकास प्राधिकरण, 3. नगर निगम, 4. होप टेक्सटाईल (भण्डारी मिल), 5. कल्याण मिल, 6. मालवा मिल, 7. हुकुचंद मिल, 8. स्वदेशी मिल, 9. राजकुमार मिल, 10. स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, 11. जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति, 12. श्री शास्त्री कार्नर नवयुवक मंडल छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज।

### झांकी मार्ग

अनन्त चतुर्दशी चल समारोह आज 17 सितम्बर, मंगलवार को शाम 6 बजे से शुरू होगा। उक्त चल समारोह मिल क्षेत्र और डीआरपी लाइन मैदान से प्रारंभ होकर श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड़, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, सितला माता बाजार, गौराकुंड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिलों में पहुंचेगा।

### झांकी व्यवस्था




निर्देश दिए गए है कि झांकियां निर्धारित समय से प्रारंभ हो। सभी को समय का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी रहेगी कि निर्धारित समय पर झांकियां मिल प्रागंण से बाहर निकलें। वे झांकियों की गाड़ी के टायर-ट्यूब, उनमें लगी विद्युत व्यवस्था तथा उनके लिए जनरेटर आदि को देखेंगे। झांकियों के साथ प्राथमिक चिकित्सा का सामान एवं डाक्टर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। निर्धारित समय पर नहीं निकलने वाली झाँकी को चल समारोह में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। यदि किसी झांकी की विद्युत व्यवस्था या किसी अन्य अवरोध के कारण आगे बढ़ने में कठिनाई होती है तो वह अपनी झांकी एवं अखाड़े को एक तरफ रोककर पीछे से आने वाली झांकी को आगे निकलने देगी।

### स्वागत मंच

नवीन स्वागत मंचों की अनुमति नहीं दी गई है। केवल उन्ही मंचों को अनुमति दी गई है जो परम्परागत रूप से लगाये जाते रहे हैं। स्वागत मंचों की अनुमति नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में परम्परागत लगाये जाने वाले मंचों को ही परीक्षण उपरांत दी गई है। एक स्वागत मंच पर दो से अधिक स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

### अखाड़ों की व्यवस्था

अखाड़ों के उस्तादों से कहा गया है कि वे झांकी निकलने के पूर्व अर्थात् शाम 5 बजे तक अपने-अपने निर्धारित स्थल पर पहुँच जाएं। अखाड़ों में शराब आदि नशा करके चलना प्रतिबंधित है। साथ ही तेज धारदार संघातिक हथियार लेकर चलना भी प्रतिबंधित है। मिट्टी के तेल को मुंह में भरकर आग उड़ाना एवं अन्य खतरनाक किस्म के करतब भी प्रतिबंधित है। अखाड़ों के व्यक्तियों द्वारा दण्डाधिकारी का आदेश नहीं मानने पर उसे तुरंत जुलूस से अलग कर बाद में उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। अखाड़ों में धारदार एवं संघातिक किस्म के हथियार को लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अखाड़ों के उस्तादों को प्रतीक के रूप में मात्र एक तलवार म्यान में रखकर चलने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक अखाड़े के सदस्य स्वागत मंच पर एक मिनिट तथा निर्णायक मंच पर तीन मिनिट तक करतब दिखायेंगे। यदि झांकियों के बीच में गैप हो तो ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा अखाड़ों को आगे बढ़ाने संबंधी दिये गये निर्देशों का अखाड़ों द्वारा पालन किया जायेगा। प्रत्येक अखाड़े के सदस्यों की ड्रेस (वेशभूषा) एक जैसी रहेगी तथा अखाड़े की ओर से प्रत्येक सदस्य को बैजेस दिए जायेंगे।

श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत खजराना मंदिर में विद्यार्थियों के लिये संपन्न हुई प्रतियोगिता

### विजेता स्कूलों को किया गया पुरस्कृत

कलेक्टर एवं श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति खजराना इन्दौर के सह अध्यक्ष श्री आशीष सिंह के निर्देश पर श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव में इन्दौर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिये धार्मिक एवं सांस्कृतिक नृत्य कला प्रतियोगिता का आयोजन खजराना गणेश मंदिर में किया गया। इसमें अनेक स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। विजेता स्कूलों को पुरस्कृत भी किया गया। श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति खजराना स्थित प्रवचन हॉल में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव में शालेय विद्यार्थियों द्वारा धार्मिक नृत्य, नाटकों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें चमेली देवी स्कूल, सिका स्कूल, आईडियल एकेडमी, अल्पाईन स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी श्री अशोक भट्ट, पुजारी श्री विनित भट्ट, निर्णायक समिति व मुख्य अतिथि कथक गुरु डॉ. रागिनी मक्कर, मूर्तिकार श्री खाडेराव पंवार एवं आयोजन के मुख्य दानदाता के रूप में श्री विकास अग्रवाल और श्री दीपक अग्रवाल उपस्थित थे। जिनके द्वारा प्रथम पुरस्कार आइडियल स्कूल, द्वितीय पुरस्कार चमेलीदेवी स्कूल, तृतीय पुरस्कार सिका स्कूल व चतुर्थ पुरस्कार अल्पाईन स्कूल को दिया गया। प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मान के साथ भोजन प्रसादी कराकर दर्शन भी कराए गये। मंदिर के मुख्य पुजारी श्री अशोक भट्ट द्वारा प्रेरक उदबोधन दिया गया। उन्होंने कहा कि अटूट विश्वास एवं आस्था के साथ मेहनत की जाये तो सफलता अवश्य मिलेगी। मुख्य अतिथि डॉ. रागिनी मक्कर द्वारा बताया गया कि सच्चे भाव से लिया गया संकल्प सफलता के द्वार खोलते हैं। विश्वास के साथ अपने कार्य करते रहें।

# स्वच्छ भारत मिशन में नवाचारों के साथ मध्यप्रदेश ने रचे नये कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में शुरू हुए स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप प्रदेशवासियों ने पूरे उत्साह और जन-सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र में नये आयाम भी स्थापित किये हैं। इसमें जहाँ एक ओर वर्ष 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश को सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा मिला, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही वर्ष 2023 में प्रदेश में गीले कचरे से बॉयो सीएनजी का उत्पादन करने का अभिनव नवाचार भी हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी की जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान की थीम ÷स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' रखी गयी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान में अधिक से अधिक जन-भागीदारी और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। मध्यप्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में कई मामलों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। प्रदेश के सभी शहरों ने पिछले 10 वर्षों के दौरान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं। जनता के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-भागीदारी के साथ बड़े पैंमाने पर स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेगी।

## स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार-2023 में इंदौर शहर को लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। यह इंदौर के नागरिकों की जन-भागीदारी का बेहतरीन उदाहरण है। मध्यप्रदेश कम लागत पर एसटीपी इंसेप्शन एण्ड डायवर्सन आधारित सीवेज उपचार प्रणाली के लिये दिशा-निर्देश तैयार करने और कार्यादेश जारी करने वाला पहला राज्य है। इस वर्ष मार्च-2024 में मध्यप्रदेश ने नगरीय निकायों के लिये ÷उपयोगिता जल और सेप्टेज प्रबंधन नीति'' प्रकाशित की है, जिसमें सीवर और सैप्टिक टैंकों की मशीनीकृत सफाई 100 प्रतिशत सुनिश्चित की गयी है। इंदौर वाटर प्लस प्रमाणन और 7 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला देश का पहला शहर है। हाल ही में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 में जबलपुर को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## शत-प्रतिशत मोटराइज्ड वाहनों से कचरा संग्रहण

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 7 हजार 82 से अधिक मोटराइज्ड वाहनों से कचरा संग्रहण व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। इनमें सूखे, गीले, घरेलू हानिकारक और सेनेटरी अपशिष्ट को अलग-अलग रखने के लिये कम्पार्टमेंट बनाये गये हैं। जीपीएस और पीए सिस्टम से वाहनों की निगरानी और स्वच्छता विषयों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गीले कचरे के प्र-संस्करण और निष्पादन के लिये स्पॉट कम्पोजिटिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 850 से अधिक ठोस अपशिष्ट उत्पादकों द्वारा स्पॉट कम्पोजिटिंग की जा रही है। प्रदेश में फीकल स्लज के निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए 368 नगरीय निकायों में 399 एफएसटीपी और 20 निकायों में 55 एसटीपी संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में 401 नगरीय निकाय 368 केन्द्रीयकृत इकाइयों से कम्पोजिटिंग कर रहे हैं। सूखे कचरे के प्र-संस्करण के लिये 401 नगरीय निकायों में 360 मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी इकाइयों का निर्माण किया गया है।

## गीले कचरे से बॉयो सीएनजी का उत्पादन

निकायों में लीगेसी वेस्ट को वैज्ञानिक तरीके से खत्म करने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के 108 नगरीय निकायों के लीगेसी वेस्ट का उपचार किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के पहले चरण में 50 नगरीय निकायों ने अपने लीगेसी वेस्ट का पूर्ण निपटान कर लिया है। गीले कचरे की कम्पोजिटिंग के लिये कटनी और सागर में अत्याधुनिक स्व-चलित इकाइयाँ कार्य कर रही हैं। इन इकाइयों में 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कम्पोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बॉयो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोवर्धन इकाई काम कर रही है। रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी चल रही हैं। इन इकाइयों में प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण कर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है। प्रदेश के 10 निकायों के लिये क्लस्टर आधारित 1019 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। इंदौर और उज्जैन में 660 टन कचरे से बिजली बनाने का काम प्रस्तावित है। इस यूनिट में करीब 12.15 मेगावॉट बिजली पैदा होगी। इन सब कामों से प्रदेश के नगरीय निकाय वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्म-निर्भर बन सकेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में हासिल की नई ऊँचाइयाँ

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में मध्यप्रदेश को देश के सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ है। वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में मध्यप्रदेश देश का दूसरा सबसे स्वच्छतम राज्य घोषित किया गया है। स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश को 7 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के 361 निकाय ओडीएफ डबल प्लस, 3 निकाय ओडीएफ प्लस और 7 निकाय को ओडीएफ का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। नगरीय निकायों में अपशिष्ट जल के शोधन एवं उपचारित जल के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये 7 निकायों को वाटर प्लस का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। अब तक प्रदेश के 384 निकायों द्वारा स्वयं को सीपीएचईईओ मानदण्डों के आधार पर संरक्षित शहर घोषित किया गया है।

# संयुक्त परिवार परम्परा को बढ़ाए हिन्दू समाज - जस्टिस कोकजे




**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** हिन्दू समाज के लिए अब समय है कि संयुक्त परिवार को बढ़ावा दिया जाएं। धर्म, मातृ भूमि और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का बोध समाजजनों को करवाया जाए ताकि अलगाववादी ताकसे अपने मंसूबे में कामियाब ना हो सके। यह बात पूर्व राज्यपाल जस्टिस वीएस कोकजे ने कही। वे चेन्नई की सामाजिक संस्था स्मार्ट और संस्था मित्र मेला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिन्दू समाज की वर्तमान स्थिति चुनौतियां और समाधान विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा यह समय उपयुक्त है की जब परिवार के बुजुर्ग, जागरूक सदस्य इन समस्याओं की चर्चा अपने घर में प्रारंभ करें। इसके बाद यह चर्चा सामाजिक स्तर पर हो। बच्चों को हमारे इतिहास और धर्म का जानकारी होना चाहिए। कार्यक्रम में अयोध्या फाउंडेशन की मीनाक्षी शरण, अधिवक्ता कुणाल भंवर और वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जोशी भी मौजूद थे। संस्था की जानकारी तथा विषय प्रस्तावना अनामिका तिवारी ने रखी।

### हिन्दुओं को शत्रुबोध नहीं है

अयोध्या फाउंडेशन की मीनाक्षी शरण ने कहा कि हिन्दू अपने अस्तित्व पर मंडराते खतरे से अभी तक अनभिज्ञ हैं। दरअसल उन्हे मित्र बोध तो है परंतु शत्रु बोध नहीं है। इतिहास पर नजर डाले तो बीते चौदह सौ सालों में लगातार समाज पर हमले हुए है। हमारे पूर्वजों ने हर हमले का डट कर मुकाबला किया मगर हमारी एकजुटता नहीं होने के कारण मुगल आततायियों को हमारे धर्म क्षेत्र को अपवित्र करने तोड़ने और विरासत को मिटाने का मौका मिलता गया। आज राम मंदिर बनने के बाद इसका गौरव पूरा समाज कर रहा है। ऐसे में अब आवश्यक है कि समाज को संगठित किया जाए। हमारे धार्मिक संस्थानों, मंदिरों से इसका व्यापक प्रसार हो ताकि भविष्य में कोई खतरा समाज के सामने खड़ा ना हो सके।

### वक्फ बोर्ड को खत्म करना देशहित में

अधिवक्ता कुणाल भंवर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है। इन घटनाओं पर खुल कर और हर स्तर के प्लेटफार्म पर चर्चा होना चाहिए ताकि देश दुनिया के लोग हकीकत जान सके। उन्होंने वक्फ बोर्ड की देश में उपयोगिता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने वक्फ कानून को गैरजरूरी बताते हुए इसे तत्काल प्रतिबंधित करने की भी पैरवी की। उनका कहना था कि सामाजित स्तर पर इकोसिस्टम तैयार होना चाहिए जिसके जरिए नरेटिव क्रियेट हो ताकि समाज में जागरूकता का प्रसार हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मौजूद लोगों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस मौके पर रितिक नामदेव, गोविंद सिंह बेस, विनय यादव सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कॉलेज विद्यार्थी, अधिवक्तागण मौजूद थे।

# कोएं के रूप में आते है पितृ, भौजन कराने से मिलती है तृप्ति, पापों से मुक्ति दिलाता है श्राद्धकर्म

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** हिन्दू धर्म में मृत्यु के बाद श्राद्ध करना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यतानुसार यदी किसी मनुष्य का विधिपूर्वक श्राद्ध और तर्पण न किया जाए तो उसे इस लोक में मुक्ति नहीं मिलती। वह किसी अदृश्य रूप में भटकता रहता है। वास्तव में पितरों के लिए की गई श्रद्धा ही श्राद्ध कहलाती है। पापों से मुक्ति दिलाने में भी श्राद्ध कर्म को श्रेष्ठ माना गया है। यह श्राद्ध आज से शुरू हो रहे है जो सर्व पितृ अमावस्या पर समाप्त होंगे। दरअसल सनातन धर्म में पितरो की आत्म शांत के लिए और मोक्ष की प्राप्ती के लिए पितृ पक्ष को महत्वपूर्ण माना गया है। इसलिए इस पक्ष में लोग अपनेंपितरों की शांति के लिए तर्पण, पिण्ड दान के लिए उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर उमडेंगे। भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के अनेक ग्रंथों में पितरों को देवताओं के समान माना जाता है तथा पितरों की आत्मा पुत्रों में रहती है इसी कारण पुत्र ही अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों के निमित्त श्राद्ध करता है। श्राद्ध को पितरों के निमित्त किया गया श्रेष्ठ कर्म कहा जाता है। कौएं पितरो का रूप माने जाते है पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार मान्यता है की श्राद्ध ग्रहण करने हमारे पितर कोएं का रूप धारण कर आते है। यह श्राद्ध काग बली कहलाता है, दूसरा श्वान बली कुत्तों को भौजन व तीसर होता है गोबली गायो को भौजन कराया जाता है। इससे पितरो की तृप्ती होती है। अपने पूर्वजों यानी पितरों को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए हर साल पितर पक्ष में उनके निमित्त दान एवं तर्पण किया जाता है। जिनके पितर श्राद्ध में ब्राह्मण को दिए गए भोजन से तृप्त होते हैं वह अपने परिवार के सदस्यों पर सदा ही कृपा करते हैं इससे घर में खुशहाली आती है तथा प्रत्येक कार्य में सफलता मिलती है।



### कौन कर सकता है श्राद्ध

स्कंदपुराण के अनुसार पुत्र के जन्म लेने के साथ ही उस पर तीन ऋण जुड़ जाते है। देवऋण, ऋषिऋण और पितृ ऋण। पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए पुत्र को अपने घर के बुजुर्गों का श्राद्ध अवश्य करना चाहिए जिससे उनको पुत नामक नरक से मुक्ति प्राप्त हो सके। श्राद्ध करने का अधिकार पुत्र का होता है। यदि किसी परिवार में सभी पुत्र अलग- अलग रहते हों तो सभी को अपने पितरों का श्राद्ध करना चाहिए। यदि कोई पुत्र न हो तो उसकी विधवा स्त्री श्राद्ध करवा सकती है तथा पत्नी के न होने पर उसका पति भी पितरों के निमित्त श्राद्ध करने का अधिकारी है।

### पिण्ड दान श्रेष्ठ

भावगताचार्य पण्डित गोविन्द शर्मा बताते है की श्राद्ध के लिए सबसे पवित्र स्थान गया तिर्थ है। धर्म शास्त्रो में कहा गया है। की पितरो को पिण्ड दान करने वाला गृहस्थ, दीर्घायु, पुत्र, पोत्रादि, यश, स्वर्ग, पुष्टि, बल, लम्क्षी, मुख, साधन तथा धन धान्यादि की प्राप्ति करता है। इसलिए श्राद्ध में पिण्ड दान श्रेष्ठ माना जाता है।

### पितरो को प्रसन्न करने के लिए घर में कैसे करे श्राद्ध

क्षेत्र के वरीष्ठ साहित्यकार एवं ज्योर्तिविद डॉक्टर रामप्रताप सुसनेरी के अनुसार प्रतिदिन दूध, चावल, इलायची आदि से खीर पकाकर तैयार कर ले। गाय के गोबर के कण्डे को जलाकर पूर्ण प्रज्वलित करे ले उसके बाद उक्त प्रज्वलित कण्डे को शुद्ध स्थान पर रखकर खीर से तीन आहुतिया दे। भौजन करते समय सर्वप्रथम गाय, काले कुत्ते, ओर कोएं के लिए ग्रास निकालकर उसे खिला दे। इसके पश्चात ब्राह्मणो को भौजन कराए। फिर स्वयं भौजन करे तत् पश्चात ब्राह्मणो को योग्य दक्षिणा भी दे।

### किस दिन किसका करें श्राद्ध

सरल शब्दों में समझा जाए तो दिवंगत परिजनो को उनकी मृत्यु की तिथि पर श्रृद्धापूर्वक याद किया जाता है। अगर किसी परिजन की मृत्यु प्रतिपदा को हुई है तो उनका श्राद्ध प्रतिपदा के दिन ही किया जाता है। इसी प्रकार अन्य दिनों में भी ऐसा ही किया जाता है। इस पर कुछ विशेष मान्यताएं भी है कि पिता का श्राद्ध अष्टमी के दिन और माता का श्राद्ध नवमीं के दिन किया जाता है। अकालमृत्यु और दुर्घटना में मरने वाले परिजनो का श्राद्ध चतुर्दशी के दिन किया जाता है। साधु सन्यासीयों का श्राद्ध द्वादशी के दिन। और जिन पितरो के मरने की तिथी याद नही होती है उनका अमावसया के दिन श्राद्ध किया जाता है। इस दिन सर्व पितृश्राद्ध कहा जाता है।

# श्री राम गणेश उत्सव समिति ने किया खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना। पूरे देश भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व की धूम मची हुई है। इसके चलते सुसनेर के वार्ड 12 में जामुनिया रोड़ पर स्थित श्रीराम गणेश उत्सव समिति के द्वारा 56 भोग लगाकर के खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया।**



जिसमे बाबा का आकर्षक दरबार सजाकर के ज्योत जलाई गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने मंगल कामनाओ के साथ आहुतियां दी। इस दौरान शहर के मधुर भजन गायक लखन भावसार, सत्यनारायण सोनी, प्रदीप बजाज के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाबा की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। यहां पर बाबा खाटुश्याम की महिमा का बखान भी किया गया। देर रात तक धार्मिक भजनो पर श्रृद्धालु झुमते हुएं नजर आए। श्रीराम गणेश उत्सव समिति एवं वार्ड पार्षद के द्वारा श्री लखदातार सेवा समिति का स्वागत भी किया गया।

अनंत चतुदर्शी पर आज निकलेगा झांकियो का चल समारोह

10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व का समापन आज देर रात में हो जाएगा। इसके चलते रात्रि के समय पंडालो में विराजित गणेश प्रतिमाओ को विसर्जित करने हेतु आकर्षक झांकियो और डीजे के साथ चल समारोह निकाला जाएगा। नाचते गाते हुएं सभी भक्त महुडी दरवाजा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यहां पर सामुहिक आरती के बाद पिपलिया नानकार में स्थित बांध पर गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। जहा पर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के सारे इंतेजाम किये गए है। इस चल समारोह में सुरक्षा के मद्देजनर पुलिस भी तैनात रहेगा।

# बाएफ के केंद्रीय अनुसंधान केंद्र, उरूलीकांचन, पुणे में तीन राज्यों के केन्द्र प्रभारियों एवं पर्यवेक्षकों की पांच दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का सफल आयोजन

**खरगोन।** बीएसएस माइक्रोफाइनेंस के सहयोग से बाएफ लाइव्लीहुड्स द्वारा मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में संचालित किये जा रहे पशुधन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत 15 कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों तथा 03 पर्यवेक्षकों की पांच दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग बाएफ के केंद्रीय अनुसंधान केंद्र (सीआरएस), पुणे में डॉ. जयंत खडसे, उपाध्यक्ष, बाएफ के तकनीकी मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। पांच दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों ने उन्नत पशुपालन के लिए पशु प्रबंधन, संतुलित आहार और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन जैसे विषयों को शामिल करते हुए बाएफ की पृष्ठभूमि, बाएफ द्वारा शुरू किए कृत्रिम गर्भाधान व पशुधन विकास केंद्र संचालन की प्रक्रियाएं, प्रचार प्रसार के तौर तरीके आदि को भी विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही पशुओं के जीवन चक्र, कृत्रिम गर्भधान तकनीक की विस्तृत जानकारी दी गयी।राज्यवार प्रजनन नीति व उसका अनुपालन, पारंपरिक और सेक्स सोर्टेड सीमेन के महत्व, केंद्र की प्रक्रिया और कन्टेनर्स का रखरखाव, पशुओं में प्रजनन सम्बन्धित समस्याएं और उनका समाधान, सन्तुलित पशु आहार का महत्व, हरा चारा उत्पादन आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गगया। इस दौरान केंद्रीय अनुसंधान केंद्र परिसर का भ्रमण भी करवाया गया।



# आदिवासियों की उन्नति के लिए आदिवासी बैंक की स्थापना जरूरी

**महेश्वर।** नर्मदा भवन में आयोजित आदिवासी सहकारी साख संस्था मर्यादित इंदौर सम्भाग का 10 वार्षिक सम्मेलन आदिवासियों के आराध्य बिरसा मुंडा टंट्या मामा एवं महाभारत काल के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर एकलव्य के पूजन वंदन से शुरू हुआ। जलकोटी रोड महेश्वर के नर्मदा भवन में भारी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के आदिवासियों को सम्बोधित करते हुए संस्था की प्रबंध कार्यकारिणी संचालक मंडल सदस्य एवं संस्थापक केशर सिंह ओसारी ने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आदिवासी सहकारी संस्था की आधारशिला 10 वर्ष पहले रखी गई थी संस्था ने अपनी बाल अवस्था मे समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए है। अब जरूरत है एक आदिवासी बैंक की आदिवासी समाज की आर्थिक स्थित मजबूत करने के लिए उनके स्वयं के बैंक की आवश्यकता है । आदिवासी बैंक की स्थापना से समाज मे व्याप्त बेरोजगारी और पलायन की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। महेश्वर शाखा प्रबंधक राजाराम मोहरे शाखा प्रबंधक रामेश्वर बारिया एवं डॉ बसन्त कुमार वर्मा ने में आदिवासी समाज के आर्थिक विकास के लिए एक आदिवासी बैंक की जरूरत पर बल दिया वक्ताओं ने समाज मे व्याप्त बेरोजगारी और पलायन की समस्या से निपटने के उपायों पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप भूरिया ने किया आभार शाखा प्रबंधक पूनमचंद गिरवाल ने माना। कार्यक्रममें बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर खड़ी बाइक मैं लगी आग दोनों बाइक जल गई



**कसरावद**

कसरावद बलकवाड़ा थाने के अंतर्गत आने वाली खलबुजुर्ग चौकी के ग्राम महाराज खेड़ी में अपने घर पर खड़ी दो बाईकों में किसी अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई जिसमें दोनों बाइक जल गई दोनों बाइक हीरो कंपनी की है एक बाइक स्प्लेंडर दूसरी हेचएफ डीलक्स बताई गई इनके मलिक संतोष पिता प्रेमलाल हतागले जाति बलाई उम्र 30 वर्ष तथा भाई जितेंद्र पिता प्रेमलाल हतागले उम्र 35 वर्ष ग्राम महाराज खेड़ी उनके द्वारा बताया गया की रात 1ः30 बजे मेरी मां बाहर जलने की बड़ी-बड़ी आग की लपटे देखी तो घर वालों को जगा कर सूचना दी जलती हुई दोनों बाइक को जब देखा तो तत्काल पानी से दोनों बाइक को बुझाया गया आग बुझाने पर पूरी तरह बाइक जल गई थी संतोष द्वारा सुबह खलटाका चौकी पर आकर शिकायत दर्ज कराई चौकी प्रभारी राजेंद्र आवास्या द्वारा भी बताया गया कि संतोष द्वारा चौकी पर आकर मामला दर्ज करवाया है जिसका पुलिस द्वारा मौके पर जाकर मामले को जांच में लिया है.

# खरगोन मंडी में कपास की खरीदी हुई प्रारंभ

**खरगोन।** कृषि उपज मंडी समिति खरगोन में नवीन कपास सीजन का शुभारंभ 16 सितंबर को हुआ। कपास मुहुर्त में पूर्व कृषि राज्य मंत्री एवं खरगोन विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार एवं श्री भास्कर गाचले अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी मंडी खरगोन, श्रीमती शर्मिला निनामा मंडी सचिव खरगोन, श्री राजेश वर्मा मंडी कर्मचारी एवं व्यापारी श्री मंजीतसिंह चावला, श्री मन्नालाल जायसवाल, श्री सुरेश गांधी, श्री राजेश महाजन, श्री आशुतोष अग्रवाल, श्री अनुप अग्रवाल, श्री परमानंद गोयल, श्री मुकेश महाजन, श्री ब्रजमोहन अग्रवाल आदि की उपस्थिति में सर्वप्रथम पूजन कर कपास की नीलामी की गई। जिसमें पहली कपास की गाड़ी के भाव 7405 रुपये श्री गोपाल छगन मागरूल की फर्म केके फायवर्स द्वारा खरीदी गई। कपास मुहुर्त मे मंडी में आवक बैलगाड़ी 77 वाहन 640 रहे। भाव न्यूनतम, 3000 अधिकतम, 7885 मॉडल 5100 रहे।

हारे का सहारा खाटू श्याम प्यारा

# राजस्थान सीकर से मुख्य पुजारी बबलुजी महाराज खरगोन पधारे भव्य स्वागत

**खरगोन।** महाराज बोले - खाटू श्याम को कलयुग का अवतार खरगोन।हारे का सहारा खाटू श्याम प्यारा ।राजस्थान सीकर से मुख्य पुजारी बबलुजी महाराज खरगोन पधारे भव्य स्वागत हुआ। महाराज बोले खाटू श्याम को स्पेशल कलयुग का अवतार भगवान कृष्ण ने दिया था वरदान जिसके भाग्य में दुःख दर्द वह भी मत्था टेकने आपके दरबार में आए तो उसके दुःख दर्द कम हो जायेंगे हारे का सहारा के नाम से पहचाने जाने वाले मुख्य पुजारी राजस्थान के सीकर जिले में विराजित कलयुगी अवतार भगवान श्री खाटू श्याम कुंड मन्दिर के मुख्य पुजारी पण्डित बबलुजी महाराज का नगर में प्रथम आगमन हुआ। वे श्री खाटू श्याम प्रेमी कमला नगर निवासी मनोज टिल्लू सोनी के निवास पर पहुंचे। यहां विराजित श्री श्याम के दर्शन कर बाबा का मनोहारी श्रंगार कर दिव्य ज्योति जगाई। मुख्य पुजारी बोले खाटू श्याम स्पेशल कलयुग का अवतार है।



भगवान कृष्ण ने दिया था वरदान जिसके भाग्य में दुःख दर्द वह भी मत्था टेकने आपके दरबार में आए तो उसके दुःख दर्द कम हो जायेंगे। इसलिए जैसे - जैसे कलयुग बड़ रहा है खाटू वाले श्याम की महिमा बड़ती जा रही है ।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी भाजपा

## 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।**


देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जिले में आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने बताया कि देश में सेवा परमो धर्म को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेक उल्लेखनीय कार्य माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हो रहा है किसान कल्याण को प्राथमिकता के साथ-साथ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु मोदी सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे हैं द्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे द्य जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को शाजापुर जिला मुख्यालय पर अखंड आश्रम में दोपहर 11.30 बजे निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा एवं 19 सितंबर को जिले की शाजापुर, शुजालपुर एवं कालापीपल विधानसभा केंद्र में रक्तदान शिविर लगाए जायेंगे। जिसका आयोजन भाजयुमो इकाई द्वारा किया जाएगा। 17 सितंबर से शुरू होने वाली कार्यक्रमों की श्रंखला 02 अक्टूबर तक चलेगी।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 18 सितंबर से 24 सितंबर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा द्य 23 सितंबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा द्य सेवा पखवाड़ा के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर 15 दिनों तक माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियां की एक सचित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा द्य इस दौरान कला और ड्राइंग प्रतियोगिताएं, रंगोली प्रतियोगिताएं, भाषण और निबंध की प्रतियोगिताएं, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत व वोकल फॉर लोकल एवं प्रश्नोत्तरी पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा ।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी संकल्प है द्य 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर प्रतेक बूथ पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन होगा एवं उनकी जयंती पर प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है द्य 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती मनाने के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

## मेरा कॉलम



### सब केहू खिलाड़ी बा

भारतीय राजनीति के खेला बड़ा निराला बा। इहाँ नेताजी लोग अभिनेता, जनता दर्शक अउर मीडिया डाइरेक्टर हो गइल बा। मंच सजल बा, डायलॉग फिक्स बा अउर नेता लोग आपन किरदार में अइसे समाइल बा कि कई बेर त जनता के ऊ सिनेमा के हीरो बुझाए लागेला। अब ई चुनावी प्रचार के ही ल लीं–मंचवा पर नेताजी अइसे चिल्ला चिल्ला के भाषण देतारे, जइसे बापूजी के आत्मा उनकरा देह में समा गइल हो। एक ठो ढीठ आवाज में ऊ जनता के इहो बुझावल चाहतारे कि सगरी समसइया के एकलौता सॉल्यूशन ऊ खुदे बा। जनता बिचारी हांफत-ठांफत का करस? एगो सस्ता सिनेमा जइसा देखके ताली बजावे, ना?

अब दल-बदल के देखीं। नेताजी के इ कारीगरी बड़ा मजेदार बा। काल्ह तक एक पार्टी के झंडा ऊ अइसे लहरा रहल बाड़न कि लागे ऊझों उड़े वाला हवाड़े। अउर आज? दुसरका पार्टी में अइसे जाके बइठ गइल बाड़न, जइसे एगो बकरी गाड़ी में चढ़ गइल हो अउर सब लोग ओकरा लूर के तारीफ करे। इ दल-बदल के ड्रामा त जनता के आगे सीधा-सीधा एगो मसाला फिल्म जइसन बा। जनता ठठा-ठठा के हंस रहल बा, लेकिन दिल में ई फील करत बा कि अरे इ सब असल में हमरे साथे खेल होत बा!

अब हमनी के इ नाटक के एगो अउर इंटरेस्टिंग किरदार पर आइला–मीडिया। ई मीडिया भाईसाहब लोग नेताजी के हर लफड़ा के एतना बढ़ा-चढ़ा के देखावल चाहत बा कि जनता के बुझाला जइसे ऊ सबकुछ देख रहल बा, लेकिन असलियत में कुछुओ ना समझ पावत बा। अरे, ई त अइसे बा कि जइसे भोजपुरी सिनेमा के एगो करेजा छपाके सीन देखावल जात बा, जवन लोग देखेला त हंसी में बकलोली लगावत रहे, लेकिन अंत में सबे हाफ रहल बा। नेताजी के डायलॉग त एतना रटा हुआ रहे कि एक बेर में सुन लीं, त लागी बुढ़वा के काका के कहिनी याद आ गइल बा। मीडिया इ सीन के बार-बार रिप्ले करत रहल बा, अउर जनता बेचारी ऊहे पुरान फिल्म देख-देख के ऊब गइल बा।

अब इ पॉलिटिक्स के सीन में एगो अउर दिलचस्प हिस्सा बा–गठबंधन। एगो पार्टी दुसरका के गले मिलावे लागल बा, लेकिन मन में एतना खुन्नस बा कि लागे एतना कड़ी दुश्मनी एगो प्रेमी-प्रेमिका के बिच में भी ना होखी। गठबंधन एगो अइसन फिल्म बा जवन दर्शक के उलझा के राखे–कब टूट जाए, कब बन जाए, इ खेला के कवनो भरोसा नइखे। नेताजी सब एक दुसरका पर अइसे चिपकल बाड़न कि जैसे दू गो बिरयानी के प्लेट एके टेबल पर रखल होखे–लड़ाई त होला, लेकिन अंत में मिलके मजा ले रहल बाड़न।

जनता के किरदार एगो अउर बड़ा दिलचस्प बा। ऊ हमेशा नाटक में दर्शक बने रहल बिया। नेताजी लोग मंच पर संवाद मारत बा अउर जनता बिचारी ताली पीट-पीट के हताश हो रहल बा। असल में जनता के एगो दुखद कहानी बा–ऊ हमरा-आपन जइसन लोग ह, जवन ई ड्रामा रोज देख रहल बा, लेकिन पता नइखे, ई कब बदली। जनता बिचारी एगो टिकट कटाके सिनेमा हाल में बइठल बा, अउर ऊहे पुरान फिल्म के रिप्ले देख रहल बा। ऊ सोचत बा, हमरा त कुछु नया मिलो ना, हर बेर ऊहे धोखा अउर ऊहे वादा!

साँच पूछीं त राजनीति के ई खेला एगो तमाशा बा। इ खेल में जनता त बस झकझोरल जा रहल बा, अउर नेताजी लोग आपन डायलॉग रटा रहल बा। जनता के जिनगी में बदले के उम्मीद बा, लेकिन ऊ हर बेर अइसन नाटक के पात्र बन गइल बिया जवन कहानी के अंत कबहियों ना होखेला।

### जन्मदिन पर गुलशनाबाद हुआ गुलशन

# पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाला जूलुस तथा तकरीर का हुआ आयोजन

**जावरा ।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो अलैह वसल्लम के जन्मदिन के मुबारक मौके पर ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 16 सितंबर सोमवार को प्रातः 9 बजे कर्बला मैदान से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस कर्बला मैदान पहुंचा। जहॉ औलामाओं के तकरीर के साथ सलामों सलाम होने के बाद समापन हुआ। जुलूस में करीबन 10 हजार धर्मालु शामिल हुए। नगर जो नवाब के जमाने में गुलशनाबाद के नाम से जाना जाता था व आज के जलसे को देखते हुए हर तरफ यही चर्चा रही कि जावरा गुलशन हो गया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा को देखते हुए माकुल व्यवस्था की गई थी। इधर जुलूस में चौराहो-चौराहो पर खाट पर घोडी का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। जुलूस तथा इसमें शामिल अलामाओं का 50 से अधिक स्थानों पर नगर पालिका तथा कांग्रेस सहित सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत-सम्मान किया। इधर जुलुस समाप्ति के बाद नगर पालिका के दरोगा मेट ने तत्काल प्रभाव से फिल्ड़ में साफ-सफाई के लिए लग गए। परिणाम स्वरूप यह रहा की संपूर्ण शहर की सड़के मात्र 2 घंटे में साफ हो गई।





इधर नगर पालिका व कांग्रेस नेताओं ने औलामाओ तथा सीरत कमेटी प्रमुखों का इस्तकबाल किया। इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कड़पा, नपा उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, डॉ. एचएस राठौर, नीतिराजसिंह, इरफान कुरैशी, हिम्मत श्रीमाल, मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, आसिफ कबाड़ी, अनिश कल्याणे, महेन्द्र गंगवाल, आमीर खान, इमरान कबाड़ी, विनोद ओरा, सय्यद अतहर अली, सुलेमान सेठ, सईद मेव, खालीद खान, नईम भाटी, मकसुद भाई, मुस्ताक भाई आदि उपस्थित थे। इनके अलावा निजाम काजी मित्र मंडल ने नीम चौक में जूलुस का स्वागत किया। विरेन्द्रसिंह सोलंकी, हरिनारायण अरोड़ा, भोजराजसिंह परिहार, पप्पु चारोड़िया, इमरान मंसूरी, कान्हा हाड़ा आदि उपस्थित थे। नीमचौक में ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने स्वागत किया। मुजम्मिल रजा, अकरम कबाड़ी आदि नेता उपस्थित थे। कांग्रेस नेता एडवोकेट वरूण श्रोत्रिय मित्र मंडल ने भी कमानी गेट पर जुलूस का स्वागत किया। रिजवान पठान, सियासत खान, हैदर अली, नवाब साहब, मेहबुब मंसूरी, बबलु भाई, राहुल नामदेव, राजु मालवीय आदि उपस्थित थे। स्टेशन रोड़ पर हाजी यूनुस अली बाबा सुजापूर वालों ने स्वागत किया।

#### कर्बला में मिला टेकरी जुलूस

ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ठीक 9 बजे नियत स्थान से प्रारंभ हुआ तथा दोपहर 3 बजे करीब कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके पहले हुसैन टेकरी शरीफ से नौजवाने हुसैन जुलूस कमेटी के जानिब से टेकरी से 8 बजे जुलूस निकला जो कर्बला में आकर मिला। जुलूस रपट रोड़, जेल रोड़, शहर थाना, रेल्वे फाटक, स्टेशन रोड़, लक्ष्मीबाई रोड़, नीम चौक, कोठी बाजार, बजाज खाना, बोहरा बाखल, खत्रीपुरा होते हुए कर्बला मैदान पहुंचा। जुलूस का नेतृत्व मुजम्मिल रजा, पाटिया भाई, इसराक भाई ने किया।

#### लहराए परचम, लगाए नारे

जुलूस के नगर भ्रमण के समय मुस्लिम समुदाय एवं हिन्दु युवकों तथा दोनो प्रमुख पार्टीयों द्वारा बनाए गए मंचो से गुलाब जल एवं फुल से स्वागत किया गया।

कई स्थानो पर ठंडे जल की व्यवस्था की गई थी तो कई जगह तब्बरूक का वितरण भी किया गया। युवको की टोलिया हाथ में परचम लहराते हुए खुदा के नारे लगाते एवं नात शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। जगह-जगह आतिशबाजी के नजारे भी देखे गए। जुलूस में घोड़े, बग्गीयॉ, ट्रेक्टर, मिनीडोर, आटो रिक्शा आदि में बच्चे व बुजुर्ग सवार थे।

#### जीपों में सवार थे मौलाना

खुली अलग-अलग जीपों में मौलाना मुफ्ती तस्लीम रजा साहब, शहर काजी हाफिज भुरू भाईजान थे। जिनका इस्तकबाल समाज के लोगो ने भारी संख्या में हार-फुल के साथ किया।

#### तकरीर के बाद हुआ समापन

जुलूस के कर्बला पहुंचने के बाद समाज के लोगो को संबोधित करते हुए धर्मो के प्रमुखों ने आम नागरीको से कहा कि दुनिया में कोई भी मजहब नहीं चाहता है कि आपस में दंगे-फसाद हो, एक दुसरे में भेदभाव न हो, देश में अमन चैन रहे, हिन्दुस्तान हमेशा तरक्की करें यहीं पैगम्बर साहब का अमन के लिए फरमान है। साथ ही महिलाओं की ईज्जत बरकरार रहे, प्रत्येक नागरीक आपस में भाईचारे से रहे एवं सुख-दुःख में एक-दूसरे के काम आए। अंत में सलातो सलाम एवं दुआ की गई। उसके बाद 12 दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। सोमवार देर रात्रि को केवल महिलाओ के लिए तकरीर हुई। जिसमें रामपूर की आलामाए आई थी।

#### इनका रहा सहयोग

12 दिनी कार्यक्रम में सीरत कमेटी के सदर साबिर सैठ, सचिव अबरार पठान, कोषाध्यक्ष मुख्तियार भाई, आसिफ अनवर चाचा (घडीवाले), ताज मोहम्मद भाई, मुस्ताक जीजा, ताज मोहम्मद हुसैन, जावेद पापुलर, कामिल भाई, इफ्तेफाक कमेटी के पेपा पहलवान, मिठ्ठु पहलवान, जाहिद हुसैन, इकबाल हुसैन, आरिफ भाई, नईम भाई आदि का भरपुर सहयोग रहा। जुलूस सीरत कमेटी की जेरे सरपरस्ती में इफ्तेफाक कमेटी द्वारा जुलूस की सम्पूर्ण व्यवस्था संभाली गई।

#### प्रशासन ने ली राहत की सांस

पैगम्बर साहेब का जन्मदिन नगर में 12 दिनो तक मनाया जाता है। इन दिनों में समाजजनों द्वारा नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे व अधिकारी पुरी तरह पैनी नजर रखे हुए थे। सोमवार को एसडीएम त्रिलोचन गौड़, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश आर्मो, शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादौन, औद्योगिक थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम के साथ नगर सुरक्षा समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी पुरी तरह सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

## संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ फिनिक्स की 3 छात्रा का चयन

**जावरा ।** फिनिक्स इंटरनेशनल स्कुल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। अब मंदसौर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फिनिक्स स्कुल की छात्रा का चयन किया गया। संस्था डायरेक्टर विनित-निधि बाफना, प्राचार्य डॉ.गौरी एस ने बताया कि 19 वर्ष आयु समुह में विद्यालय की दीक्षिता राठौर, हर्षिता वाघेला, गौरवी गादिया का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 18 सितंबर को मंदसौर में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर कोच दीपेंद्र सिसोदिया के साथ स्कुल स्टाफ ने तीनों छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।







## बड़ावदावासियों को मिली अग्निशमन वाहन की सौगात

**बडावदा ।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में वर्षो पुरानी ज्वलंत समस्या का निदान करते हुए सोमवार को नगर परिषद बड़ावदा ने नगरवासियों को अग्निशमन वाहन की सौगात दी गई। अग्निशमन वाहन का पूजन अर्चन पंडित पवन पौराणिक द्वारा पूर्व विधायक आलोट जितेंद्र गेहलोत, नगर परिषद अध्यक्षा कल्पना-राजेंद्र कुमावत, जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी, जीवनसिंह चौहान, बाबुलाल कुमावत, पार्षद प्रकाश मालवीय, दुर्गाबाई- पूनमचंद परमार, स्नेहलता-अनिल जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि उमरावसिंह गुर्जर, दिनेश करावत, अमन हिंगड़ द्वारा वाहन की पूजा की गई। ज्ञात हो उक्त अग्निशमन वाहन लगभग 34 लाख 50 हजार रुपए की राशि से निर्मित हुई है, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।



### पिपली बाजार में मनोरंजन व्यंजन मैले में उमड़ी भीड़

**जावरा** फोटो 13। शहर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। जगह-जगह महाआरती के साथ सांस्कृतिक आयोजन हो रहे है। अंतिम दिनों में श्रृद्धालुओं की संख्या में ईजाफा हुआ है। इसी कड़ी में पिपली बाजार में श्री विनायक मित्र मंडल द्वारा मनोरंजन व्यंजन मैले का आयोजन किया। विभिन्न प्राकर के व्यंजनों का नागरिकों ने लाभ लिया। देर रात तक आयोजन चला।



स्पांसर राम रतन स्पाईसेस रहे। मैले के अतिथि युवा कांग्रेस नेता नीतिराजसिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरूण श्रोत्रिय, समाजसेवी महेन्द्रसिंह बामनखेड़ी, स्पांसर राम रतन के आयुष चंडालिया रहे। मैले में विशेष सहयोग मोहित चपडोद, सिद्धार्थ मारवाड़ी, आशीष चपडोद, उत्सव कोचट्टा, अर्पित राठौर, श्रेयांश राठौर, भव्य चोरड़िया, विकास परमार, तनिश चोरड़िया, मोहित सालेचा आदि का रहा।

### कालुखेडा फंटा स्थित दरगाह पर



### जुलुस का हुआ समापन

**ढोढर ।** ढोढर में भी ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाला गया, जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ कालुखेडा फंटा स्थित दरगाह पर पहुंचा, जहां मौलाना द्वारा अमन चैन और भाईचारे का पैगाम दिया। इस दौरान बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## फ्रेंडली मिट्टी के गणेश प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का किया सम्मान

**जावरा ।** जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सरोज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भगतसिंह कॉलेज में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत आयोजित इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। अतिथि रश्मि-राजेंद्र पांडेय ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित कर हमें पर्यावरण व धर्म हितेषी कार्य करना होगे। हमारे धर्म में विवाह और अन्य धार्मिक आयोजनों में मिट्टी के गणेश बनाकर पूजन करने की प्राचीन परंपरा रही है, आज प्रतिस्पर्धा के युग हमें पर्यावरण का भी ध्यान रखना होगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, मंड़ल महामंत्री अनिल धारीवाल, विकासखंड समंवयक युवराजसिंह पंवार आदि ने संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान की शपथ दिलाई। इस मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, परामर्शदाता देवीसिंह राठौर, विनीता व्यास, इंदिरा जोगी, गोपालसिंह राठौर, मधुसूदन पाटीदार सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। संचालन परामर्शदाता अर्पित शिकारी ने तथा आभार रमेश धाकड ने माना।

## गणेशोत्सव के अंतिम दिन महाआरती में उमडे श्रद्धालु

**पिपलोदा ।** 10 दिनी गणेशोत्सव के अंतिम दिन शहर के सभी पंडालों में विराजित भगवान श्रीगणेश की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



वही आरती के बाद मोदक, लड्डु की प्रसादी वितरित की गई। नई आबादी में महांकाल ग्रुप द्वारा आयोजित महाआरती में भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रफुल्ल जैन, पार्षद लक्ष्मी-प्रहलाद चौहान, भंवरगिरी गोस्वामी व गढ दरवाजा पर पार्षद प्रतिनिधि नारायण धनगर आदि ने आरती की। इसी प्रकार नगर के झंडा चोक, चमन चौराहा, चंद्रवंशी मोहल्ला, नई आबादी वार्ड 15, संतोषी माता मंदिर गली, रामद्वारा, जाट मोहल्ला आदि स्थानों पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। 10 दिनों तक पंडालो में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। आज मंगलवार को पांडालों से चल समारोह निकलेगा, जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरेगा।

#### आज होगा विसर्जन, नप ने की तैयारी

नगर परिषद द्वारा मूर्ति विसर्जन को लेकर व्यापक तैयारियां की है। मुख्य नपा अधिकारी अनवर गोरी ने बताया कि मुनादी के माध्यम से नगर में सूचना दी गई है। साथ ही सभी गणेश उत्सव समितियों को लिखित व मौखिक सूचना भी दी गई है। प्रातः 9 बजे से आरटीओं बैरियल पर परिषद द्वारा ट्राली खड़ी की जाएगी, जिसमें नगर के सभी पांडालो की मूर्ति एकत्र कर परिषद कर्मचारियों द्वारा सामूहिक विसर्जन किया जाएगा। उक्त निर्णय विसर्जन को लेकर नदी तालाबो पर होने वाली घटनाओं को लेकर प्रशासन द्वारा लिया गया है, जिसका पालन किया जा रहा है।

## मुस्लिम समाज ने पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

**पिपलोदा ।** 11 दिनों तक तकरीर का आयोजन किया जिसमें मौलाना खुर्शीद रजा, सादिक मोहम्मद, मौलाना अकबर हुसैन, मौलाना शबीब आलम ने मस्जिद में अपनी तकरीर की। पूरी रात समाजजनों द्वारा इबादत कर दुआ मांगी।



ईद मिलादुन्नबी पर पिपलोदा में मुस्लिम समाज द्वारा प्रातः 9 बजे जामा मस्जिद से जुलूस प्रारंभ किया जो झंडा चौक से सादलपुरा, पुराने बस स्टैंड से नई आबादी स्थित कादरियां मस्जिद पहुंचा, वहां से पुनः सदर बाजार होता हुआ जामा मस्जिद पहुंचकर समापन हुआ। समाजजनों द्वारा देश में अमन-शांति के लिए विशेष दुआ की गई। नातियां कलाम के साथ सरकार की आमद मरहबा, आका कि आमद मरहबा के नारों के साथ बच्चो व बडो का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान सादुलपुर में हुसैनी कमेटी द्वारा सभी मौलानाओं, शहर काजी व अंजुमन सदर का साफा बांधकर स्वागत किया। नई आबादी में हिनाकांगन, गोरी किराना के साथ अनेक स्थानों पर समाजजनों द्वारा स्वागत व स्वल्पाहार किया गया। इस मौके पर शहर काजी शौकत अली, अंजुमन सदर सरदार खान पठान, युसूफ भाई, पूर्व सदर सिराजुद्दीन कुरेशी, बाबु शाह, नायब सदर इस्माइल शाह, सरदार मो. शेख, अब्दुल वहाब, वकील शाह, इकबाल मेव, शहीद शाह, शरीफ शाह, गुलाम फरीद, अजहर अली के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन पूरे समय मुस्तेद रहा।

## जीवन भगोरा बने ब्लाक अध्यक्ष



**रतलाम।** मध्यप्रदेश अजाक्स तहसील शाखा बाजना में कार्यकारणी का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आर.सी.भगोरा जिला सचिव आर.सी.मईडा जिला सलाहकार लाखनसिंह टैगोर पूर्व रतलाम शहर अध्यक्ष बादर सिंगाड़ की उपस्थिति में गठन किया गया। डा.भीमराव अंबेडकर एवं बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी साथियों की सर्वानुमति से तहसील अध्यक्ष जीवनलाल भगोरा व कार्यकारणी अध्यक्ष विक्रमसिंह खराड़ी को अजाक्स का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित सभी ने संगठन को मजबूती देने के लिए अपने,अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में *श्री महेंद्रसिंह देवड़ा,पूर्व अध्यक्ष कालुसिंह कटारा,महिपालसिंह मईड़ा,विक्रम सिंह खराड़ी,सुखलाल सिंगाड़, परतु भगोरा,मोहन हाड़ा,शंकरलाल मईडा,बहादुर सिंह डामोर, बहादुर सिंह डोडियार,जगतसिंह खराड़ी,नारायण मईडा तेजसिंह डिंडोर, तेजु डोडियार,गोतम मैडा,मानसिंह मुनिया, तरसन मैडा,कमल चारेल, परतु मुनिया,मोगजी डामोर,जितेंद्र डामर,जगदीश मैडा,देवीसिंह झोड़िया,लक्ष्मण भूरिया,देवीलाल डामर,महेंद्र डामर,रतनलाल कटारा, मानसिंह देवदा,जहु डामोर,तोलूसिंह निनामा,सुनील भगोरा, मगन डोडियार,मणिलाल रारोतिया, गोतमलाल वसुनिया,नरेंद्र गहलोत,कैलाश झोड़िया, भानु प्रकाश डोडियार,मानसिंह कटारा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

## देर रात तक चला कवि सम्मेलन



**रतलाम/बाजना।** नगर में चल रहे गणेश उत्सव के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में देश के ख्याति नाम कवियों ने कविता का पाठ किया। कवि धमचक मुल्तानी ने अपने कविता पाठ में कहा कि ÷सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया बताने वाले सनातन धर्म को जड़ मूल से मिटाने वाले सनातन धर्म को समझना तेरे बस की बात नहीं सनातन धर्म को मिटा दे तेरे पुरखो की औकात नहीं÷ सदर बाजार गणेश मंदिर पर हुए अखिल भारतीय कविसम्मेलन में देर रात तक हास्य कवि नारायण निडर,अनुप्रिया अनु,पंकज धूप्पल डालचंद मनमौजी सहित अन्य कवियों ने कविता पाठ किया श्रोताओं को जम कर ठहाके लगवाए। गणेश मंदिर पर महाआरती उतार कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## हब के 14 वे सप्ताह में ''गणेश पांडालों'' में ओर ''जश्ने ईद मिलादुन नब्बी'' पर विशाल जनसमुदाय भागीदारी की



**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा, सहायक संचालक एवं हब की नोडल अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या के सफल मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में भारत शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ मिशन शक्ति की इकाई हब अन्तर्गत् 100 दिवसीय गतिविधियों के दौरान सप्ताह 14 ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ लाम बंदी सप्ताह'' का विशाल आमजन द्वारा स्वागत किया गया। एक ओर गणेश पांडाल में कहीं बेटी बचाओ, बेटी पढाओं पर रंगोली, कन्या पूजा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ समारोह मना तो वही दूसरी ओर ''जश्ने ईद मिलादुन नब्बी''के शुभ अवसर पर जश्न-ए-जुलुस के दौरान हब अन्तर्गत् सप्ताह 14 ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ लाम बंदी सप्ताह'' पर विशाल जनसमुदाय द्वारा बनाए गए विभिन्न स्वागत बैनर तले बेटी की महत्ता को स्वीकार कर बेटियों का स्वागत किया, एवं समुदाय ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' की शपथ को दिल से स्वीकारा। साथ ही जिले अन्तर्गत् संचालित वनस्टॉप सेण्टर द्वारा कार्यालीयन स्टॉफ व समुदाय को ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' की शपथ दिलाई गई। इस तरह हब के सप्ताह 14 का हुआ भव्य शुभारंभ। समारोह में महिला बाल विकास की टीम द्वारा सक्रिय सहयोग किया गया।

## नागरिक गणेश प्रतिमा संग्रहण केन्द्रों पर विसर्जन हेतु रखें

**रतलाम।** जनसुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम द्वारा आज 17 सितम्बर मंगलवार अनंत चर्तुदशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु श्री कालिका माता मंदिर प्रांगण, हनुमान ताल प्रांगण, अमृत सागर स्थित गढ़ कैलाश मंदिर पर गणेश प्रतिमा संग्रहण स्थल बनाये गये है, जहां संग्रहित प्रतिमाओं को सम्मान पूर्वक विसर्जन हेतु बंजली बायपास स्थित तालाब ले जाया जायेगा। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी व पार्षदगणों ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु नगर निगम द्वारा बनाये गये उक्त प्रतिमा संग्रहण स्थलों पर गणेश प्रतिमाओं को विधि विधान से पूजा-अर्चना कर रख दें प्रतिमाओं को पुरे सम्मान के साथ विसर्जन हेतु ले जाया जायेगा।

# शस्त्रकला के अद्भुत करतबो के साथ निकलेंगे जवाहर व्यायाम शाला के सैकड़ो पहलवान

**रतलाम।**

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस बार भी जवाहर व्यायाम शाला और अम्बर ग्रुप के सैकड़ो पहलवान शहर की सडको पर अपने दमखम और कला का प्रदर्शन करेंगे वही हज़ारो बल्बों की रौशनी में झिलमिलाती झांकी देखने वालो का मन मोह लेगी।

## हज़ारो बल्बों से झिलमिलाती झांकी मन मोहेगी

पिछले कई दिनों से जवाहर व्यायाम शाला के पहलवान अपने प्रदर्शन की तैयारियों में जुटे है वही झांकी बनाने वाले कलाकार भी दिन रात झांकी को सजाने में व्यस्त थे।

जवाहर व्यायाम शाला के सचिव राजीव रावत ने बताया कि मलखम्भ युद्ध कुश्ती और शस्त्र कला भारतीय संस्कृति की पहचान रही है इस संस्कृति को आज भी जीवित रखते हुए है, जवाहर व्यायाम शाला के सैकडो पहलवान। दिन-रात, सुबह-शाम अखाड़े की मिट्टी से लड़ते हुए अपने दमखम और ताकत से अपने शरीर को बलवान बनाते है और सुन्दरता प्रदान करते है। विगत 38 वर्षो से रतलाम शहर में गणेश उत्सव के समापन यानी अनंत चर्तुदर्शी के दिन हजारों की तादाद में अपने मार्गदर्शक उस्ताद खलीफाओं के साथ युवा तरूणाई जब शहर की सड़कों से निकलती है तो देखने वालों का उत्साह और जोश देखते ही बनता है।



कुश्ती जगत के मसीहा कहे जाने वाले हजारों पहलवान के आदेश पूर्व रतलाम केसरी स्व. नारायण पहलवान जी' जिन्होने इस चल समारोह की आधारशिला रखी थी, अपनी धार्मिक आस्थाओं तथा युवाओ के अंदर अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और श्रद्धा स्थापित करने के उद्धेश्य से आपने जो बीड़ा उठाया था वह आज भी निरन्तर गतिमान बना हुआ है।

रतलाम नगर की जीवन रेखा सज्जन मिल के बंद होने से लोगो में काफी निराशा व्याप्त थी मजदूर और व्यापारी इस चिंता में रहते थे कि मिल बंद होने से झांकी कैसे निकलेगी। तब स्व. नारायण पहलवान जी ने झांकी और अखाड़े दोनो का नेतृत्व अपने हाथो में लेकर रतलाम नगर की धर्मप्रेमी जनता को अनुपम सौगात प्रदान की। इस वर्ष भी इस धार्मिक और ऐतिहासिक पंरपरा का निर्वाह 17 सितम्बर को भव्यता के साथ किया जायेगा । जवाहर व्यायाम शाला अम्बर ग्रुप' द्वारा निकलने वाली दुधिया रोशनी से सृज्जित झिलमिलाती भव्य झांकी जिसका निर्माण कांतिलाल माली द्वारा किया गया है ।

### तीन भाग में बनी है खाटू श्याम की झांकी

झांकी में महाभारत वर्णित पाण्डव पुत्र भीम, भीम पुत्र घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक जिन्हें पूरी दुनिया खाटु श्याम के नाम से श्रद्धा नमन करती है को चित्रित किया है। हारों का सहारा' भगवान खाटू श्याम की सम्पूर्ण लीला दर्शकों तक सहज पहुँचाई गई है। झांकी का निर्माण तीन भाग में किया गया है। प्रथम भाग में भगवान कृष्ण को अपना शीर्ष अर्पण करते हुए महादानी खाटूश्याम भगवान को बताया है। दुसरे दृश्य में महाभारत युद्ध की सार्थकता को दर्शाया है तथा अंतिम दृश्य में भगवान खाटू श्याम का दरबार दिखाया गया है।

अखाड़े के संरक्षक दौलत पहलवान, सुरेश जाट, अखाडे के संचालक वैभव जाट, गौरव जाट के निर्देशन में लगभग 3000 पहलवान लखन बैंड और महादेव ढोल पार्टी के सुमधुर स्वर लहरियों के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करेगे। इसके अतिरिक्त मलखंब के छोटे नन्हें-नन्हें खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नगर का गौरव बढाया है। अपनी अद्भुत कला का मलखंब का प्रदर्शन करेगे।

# पिछले चौबीस घंटो में जिले में हुई नौ की मौत, दो करंट से तो तीन ने पिया जहरीला पदार्थ, पुलिस जांच में जुटी

**रतलाम।**

जिले में अलग - अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले चौबीस घंटो में हुई विभिन्न घटनाओ में नौ लोगो की मौत का मामला सामने आया है। जिसमे दो व्यक्ति करंट की चपेट में तो तीन ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।

मिटटी धसने, पानी में डूबने सहित दो की ताबियब खऱाब होने से मृत्यु हो गई। पुलिस सभी मामले में मर्ग कायम में जुट गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजना थाना अंतर्गत दो व्यक्ति करंट की चपेट में आ गए। हमजी पिता नारजी मईडा 60 वर्षीय निवासी ग्राम कोठारिया को डीपी से तो मोहम्मद रईस पिता रउफ मन्सुरी 38 वर्षीय निवासी मवेशी हाट बाजार को अंदर काम करते हुए बिजली का जोरदार झटका लग गया। जिससे दोनों की मौत हो गई।

सरवन थाना अंतर्गत शकुन्तला पति बालु जाति भील मईडा 32 वर्षीय निवासी ग्राम इन्द्रावल कला और मानसिंह पिता रमेश मईडा मईडा भील उम्र 20 साल निवासी ग्राम मोरझर तथा सैलान थाना अंतर्गत पपिता पति अजय मईड़ा 20 वर्षीय निवासी ग्राम मन्याबारी तीनो ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखा जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन तुरंत अस्पताल ले गए जहा डॉक्टर ने जांच कर तीनो की मृत घोषित कर दिया।

स्टेशन रोड थाना अंतर्गत दिलीप नगर में सीवरेज का काम करते हुए अचानक मिटटी धस गई जिससे सुनिल पिता मुन्नलाल गौहर 26 वर्षीय निवासी सेफीनगर की दबने से मौत हो गई।

ताल थाना में वरदा पिता नन्दाजी जाति मालवीय बलाई 70 वर्षीय निवासी काजाखेड़ी कुए में गिर गई, जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। औ. क्षैत्र जावरा क्षेत्र में हरदीपसिह पिता भोलासिह जाति जाट सिख 38 वर्षीय निवासी खयाली थाना ठुलीवाल जिला बरनाला पंजाब जावरा रतलाम हाईवे रोड गुरुनानक ढाबा पर और बाजना थाना में कानजी पिता कालु भाभर 50 वर्षीय निवासी ग्राम ब्याटोक की घर पर अचानक तबियत खऱाब हो गई, जिन्हे परिचित अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच कर दोनों के मौत कि पुष्टि की। पुलिस ने सभी नौ लोगो की मौत के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फोरलेन टोल पर चली गोली : फिल्मी स्टाइल में तस्करों की कार को रोका, सेंट्रल ब्यूरो नारकोटिक्स की टीम का एक्शन

**रतलाम।** जिले से 18 किमी दूर बिलपांक स्थित फोरलेन टोल नाके पर रविवार रात गोली चल गई। जैसे ही इस बात की जानकारी पुलिस को लगी तो हड़कंप मच गया। बिलपांक थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पता चला कि सेंट्रल ब्यूरो नारकोटिक्स (ष्टक्चह्) मंदसौर की टीम ने तस्करों को पकडऩे के लिए गोलियां चलाई। गोली चलने से तस्करों की कार का रेडियटर फट गया।

दरअसल मामला यह है कि कि सेंट्रल ब्यूरो नारकोटिक्स (ष्टक्चह्) मंदसौर की टीम को सूचना मिली थी एक कार में डोडा चूरा भरकर ले जाया जा रहा है। टीम के 10 से 15 अधिकारी दो अलग-अलग गाडिय़ों में तस्करों की कार का पीछा करते हुए बिलपांक टोल नाके पर पहुंचे। तस्करों की कार को ओवरटेक कर टीम के अधिकारियों ने आगे व पीछे उनकी गाडिय़ां व तस्करों का पकड़ा।

बताया जा रहा है तस्करों के पास क्रेटा कार थी। जिसमें डोडाचूरा भरा हुआ था। बाद में अधिकारी कार में सवार दोनों तस्करों को व कार को अपने साथ ले गए। इस संबंध में सेंट्रल ब्यूरो नारकोटिक्स टीम के अधिकारियों से संपर्क करना चाहा। लेकिन नहीं हो पा पाया।

बिलपांक थाना प्रभारी अयुब खान ने बताया कि तस्करों का पीछा करते हुए सेंट्रल ब्यूरो नारकोटिक्स (Cक्चN) मंदसौर के अधिकारी आए थे। कार में सवार दो लोगों को अपने साथ ले गए।

## ईद मिलादुन्नबी पर्व पर बंजली में पौधारोपण किया



**रतलाम।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व पर ग्राम बंजली स्थित हजरत मस्तान शाह बाबा दरगाह परिसर में सामाजिक संस्था इस्लामियांड्डएट्ठहिंद कमेटी द्वारा औषधीय विभिन्न रंगों का प्रजातियो के फूलों एवं जामफल सीताफल के पौधे रोपकर आओ मिलकर मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाए का संदेश दिया एवं उनके संरक्षण व पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि शहर काजी अहमद अली, दरगाह खादिमें खास फिरोज बाबा मस्तान, संस्था अध्यक्ष इक्का बेलूत, शहर युवक कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वुसत ज़ैदी, शहजाद खान, बबलू मुंशी, फैयाज़ पठान, युनुस पठान, सलीम खान आदि ने हजरत मस्तान शाह बाबा आसताने पर अकीदत के फूल पेशकर शहर व मुल्क में अमन चैन सांप्रदायिक सदभावना व भाईचारे के लिए दुआ की। सभी अतिथियों ने एक सुर में कहां कि शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाना हम सभी का दायित्व है।

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने गणेश पांडालों में पहुंचकर की महाआरती

**रतलाम।**

गणेश उत्सव के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने शहर के विभिन्न गणेश पांडालों में पहुंचकर महाआरती की। इस अवसर पर संस्था एवं समितियों द्वारा मंत्री श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया गया।



मंत्री श्री काश्यप द्वारा राम मंदिर पर श्री विश्व मंगल गणेश उत्सव समिति, विनोबा नगर में चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, कस्तूरबा नगर में रिद्धी-सिद्धी गणेश उत्सव समिति, काटजू नगर, जवाहर नगर विनायक ग्रुप एवं इंद्रलोक नगर में श्री दाऊजी धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, विनोद यादव, महामंत्री धर्मेंद्रसिंह देवड़ा, लोकेश जायसवाल, राकेश परमार, तेजसिंह हाड़ा, पार्षद शक्तिसिंह राठौर, प्रहलाद राठौड, संजय पांडे, विवेक शर्मा, बबलू नागर, धीरज व्यास, प्रकाश बंशीवाल, प्रवीण सोनी, करण वशिष्ठ, सरोज चौधरी, सुरेंद्र उपाध्याय, जतिन उपाध्याय, जुबिन जैन, कृष्णा डिंडोर, जयेश जाजोरिया, संदीप मौर्य सहित समिति सदस्य एवं क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।

### भगवान श्री गणपति महाराज की आरती कर, अतिथियों का स्वागत एवं प्रसादी वितरण की

श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पैलेस रोड रतलाम पर रात्रि 8 बजे आरती प्रारंभ की गई। मंदिर समिति के आग्रह पर आज अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, अशोक चौटाला, मांगल्य मंदिर जेबीएल के संचालक सुदामा, महावीर सिंह, वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोलंकी, जांगिड़ ब्राह्मण समाज चांदनी चौक मंदिर अध्यक्ष पुष्पेंद्र फलौदिया, अ.भा. जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश करुनीया, तरणी व्यास, वाघेला गौ सेवा जीवदया समिति के प्रमुख दिनेश वाघेला, मंगल लोढ़ा, बाबूलाल सिसोदिया, रामचंद्र भाटी, कैलाश वाणी, श्रीमति शकुंतला सीसौदिया, श्रीमती श्यामा वाघेला, अशोक तीवारी, राजकुमार हाडा, रामबाबू आदि उपस्थित हुए। आरती पश्चात अतिथियों का स्वागत मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा किया गया।

# सीवरेज साफ करते वक्त धंसी सड़क

## एक की मौत : 10 फीट गहरे गड्ढे में उतरे थे दो कर्मचारी; चश्मदीद बोला-बचाव दल लेट पहुंचा

**रतलाम।**

सीवरेज की सफाई के दौरान सड़क का हिस्सा धंस गया। मलबे में दबने से एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसा रविवार देर शाम करीब 8 बजे हुआ। घटना के विरोध में सोमवार सुबह नगर निगम और ठेका सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

नगर निगम ने सीवरेज सफाई का काम जे बरूडी एजेंसी को कॉन्ट्रैक्ट पर दे रखा है। हादसे के शिकार दोनों कर्मचारी इसी कंपनी के थे।

रतलाम के दिलीप नगर में सीवरेज लाइन साफ करने के लिए रविवार को जेसीबी से खुदाई कर 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया। दो ठेका कर्मचारी गड्ढे में उतरकर काम कर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे का हिस्सा धंस गया। मिट्टी-पत्थर कर्मचारियों के ऊपर आ गिरे, वे दोनों दब गए। सूचना पर नगर निगम से फायर लॉरी, सालाखेड़ी चौकी प्रभारी मुकेश यादव समेत पुलिस बल पहुंचा। दोनों कर्मचारियों को बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने सुनील (26) पिता मुन्नालाल गौहर निवासी सैफी नगर को मृत घोषित कर दिया। बहादुर (28) पिता हेमराज डामोर निवासी हरथल (रावटी) का इलाज जारी है। चश्मदीद राजेंद्र सिंह सोलंकी ने



बताया कि एंबुलेंस और फायर लॉरी देरी से पहुंची थीं। कर्मचारियों के पास सेफ्टी के साधन भी नहीं थे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बमुश्किल निकाला जा सका।

### आरोप- सुरक्षा के साधन नहीं पहनाए

सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे ठेका कंपनी के सफाई कर्मचारी नगर निगम पहुंचे। यहां नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठन के नेता कमल भाटी ने कहा- जेसीबी से 10 फीट गहरा, 20 फीट लंबा और 4 फीट चौड़ा गड्ढा खोदा गया था। कर्मचारियों को गड्ढे में उतारते समय ठेका कंपनी ने सुरक्षा के साधन नहीं पहनाए। हेलमेट और अन्य साधन होते तो सुनील की जान नहीं जाती। उन्होंने कहा- सुनील के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही नगर निगम में ठेका प्रथा को खत्म किया जाए।

### परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता

हंगामे की सूचना मिलने पर मध्यप्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। सर्किट हाउस में बैठक के बाद महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर निगम की ओर से मृतक के परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सुनील की पत्नी को आउटसोर्स से नौकरी देने का आश्वासन भी दिया। आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौट गए।

करोसिया ने कहा कि नियमानुसार सीवरेज के काम से पहले कर्मचारी को ट्रेनिंग दी जाती है। इस मामले में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए, जो बड़ी लापरवाही है। निगम सिटी इंजीनियर की भी जिम्मेदारी बनती है।

## खंडवा में होगा एथलेटिक्स का महाकुंभ

**खंडवा ।** विद्या भारती मालवा के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर कल्याणगंज खण्डवा के आतिथ्य में आगामी 26 से 29 सितंबर तक खंडवा में एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं होगी । इस महाआयोजन तैयारियों हेतु मध्य क्षेत्र के खेल प्रमुख श्री भास्कर वडनेरकर ने तैयारी हेतु एक बैठक ली । उन्होंने बताया कि मध्य क्षेत्र जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के चार प्रांत जिनमें उनतीस विभाग आते हैं इनसे संबंधित समस्त विद्यालयों की 25 एथलेटिक्स इवेंट्स में तीन ग्रुप के अंतर्गत भैया-बहिनों की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, जिसमें 450 से अधिक खिलाड़ी उनके संरक्षक तथा 60 निर्णायक चार दिन तक अपने खेल एवं निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करेंगे । यह सारी प्रतियोगिताएं खंडवा में आयोजित की गई है। व्यवस्था बैठक में इस महाकुंभ को लेकर विभिन्न व्यवस्था संबंधित चर्चा की एवं आचार्य दीदियों को मार्गदर्शन दिया किया । बैठक में खण्डवा विभाग समन्वयक सत्यनारायण लववंशी, सचिव रविन्द्र बंसल, वैकुण्ठ नगर के सचिव भूपेन्द्र सिंह चौहान, प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर, प्रधानाचार्य दिलीप सपकाले, राधेश्याम चौहान, खेल शिक्षक नर्मदा प्रसाद चौहान सहित आचार्य परिवार उपस्थित रहा ।

## पर्यूषण पर्व के दौरान पूजा अर्चना के साथ प्रतिदिन रात्रि में हो रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम




**खंडवा ।** दिगंबर जैन समाज का सर्वोत्कृष्ट पर्व दशलक्षण पर्व अपने समापन की और है,दस दिवसीय पर्व के आठ दिवस अत्यंत भक्ति भाव,पूजा,आराधना,व्रत,उपवास,प्रवचन, शिविर,ज्ञानवर्धिनी कक्षाओं के साथ प्रत्येक साधर्मी करनी शक्ति अनुसार तप और त्याग कर रहे है, मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने बताया कि युवा और बच्चे भी इसी कडी में पीछे नही रहे, विभिन्न आयोजनों में युवा,बच्चे,बालिकाओं ने अपना सक्रिय योगदान दिया, पर्यूषण पर्व मे बच्चों के लिये विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, तत्काल भाषण,तंबोला,भजन ,आरती सजाओ,लड्डू ,राखी सजाओ इत्यादि कार्यक्रमों मे सभी ने हिस्सा लिया, इसी कडी में नवकार पाठशाला द्वारा रात्रि में 8.30 बजे से पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में धार्मिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गयी, प्रतियोगिता के संयोजक श्रीमती वर्षा मनीष सेठी एवं कु. ख्याति पंकज सेठी रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एव् निर्णायक प्रो.डॉ विनय जैन एवं प्रो.डा.मीना जैन रहे,प्रतियोगिता के पुरस्कार नगर निगम उपायुक्त प्रदीप प्रियंका जैन के सौजन्य से वितरण किये गये, प्रतियोगिता में 20 से अधिक बच्चों ने धार्मिक विषयों एव् कुरीतिओं के प्रतिरोध की भावना जताते हुये प्रस्तुतियां दी, प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे ग्रुप॰ में प्रथम रियांशी रुपांशु चौधरी, द्वितीय नवधा डा.पंकज जैन एवं तृतीय कायरा बैनाडा रही,वही ग्रुप क्क में प्रथम मा.पर्व अर्पित झांझरी, द्वितीय परिषी डा.पंकज जैन एवं तृतीय शुभ विकास जैन रहे,सभी प्रतियोगियों को इस अवसर पर प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री लोधी 17 सितम्बर को खंडवा में करेंगे जन औषधि केंद्र का शुभारंभ




**खण्डवा ।** प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय के बी ब्लॉक प्रांगण में आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि जनऔषधि केंद्र रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे शहर के नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध होंगी।यह जन औषधि केंद्र न केवल गरीब और वंचित वर्ग के लिए लाभकारी साबित होगा बल्कि सभी नागरिकों के स्वास्थ संबंधी ख़र्चों को कम करेगा।प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर सभी को सस्ती और प्रमाणित दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। यह केंद्र न केवल आर्थिक दृष्टि से सहारा देगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेगा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री श्री लोधी प्रातः 9 बजे बस स्टेंड मछली बाजार में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित सफाई अभियान में भाग लेंगे।

## शिव शक्ति युवा मंडल पिछले 44 वर्षों से कर रहा भगवान की स्थापना गणेश महायज्ञ व विशाल भंडारा मंगलवार को



**ओंकारेश्वर ।** धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर के अनेक स्थानों परसार्वजनिक गणेश उत्सव समितियां के द्वारा पिछले9 दिनों सेगणपति की आराधनापिता की नगरी में पुत्र का उत्सव के धूम मची हुई है पिछले 44 वर्षों सेओंकारेश्वर के प्रमुख मार्ग पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग सेशिव शक्ति युवा संगठनके युवाओं द्वाराविशेष झांकी तथा गणपति की जार्चना के साथ यज्ञहवन किया जा रहा है मंगलवार कोगणेश महायज्ञ के पूर्ण आहुति पर विशाल भंडारा शिव शक्ति युवा संगठन के तत्वाधान में 44 सालों के भगवान गणेश की तपस्या और तप के आधार पर प्रथम बार विशाल भंडारा का सफल आयोजन किया जा रहा है युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने सभी जनमानस ने 17 तारीख दिन मंगलवार स्थान भारूड धर्मशाला ओम्कारेश्वर आयोजित भंडारे मेंपधारने की अपील की है

# प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर किसानों के समर्थन में 20 सितंबर को खंडवा में होगा जंगी प्रदर्शन

## किसान न्याय यात्रा प्रभारी दोगने ने तैयारियों को लेकर गांधी भवन में ली बैठक

**खंडवा।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर 20 सितंबर 2024 को प्रदेश सहित सम्पूर्ण जिले के किसानों एवं कांग्रेस जनों द्वारा खंडवा में निकलने वाली किसान न्याय यात्रा के सम्बंध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की एक अति महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किसान यात्रा प्रभारी एवं हरदा जिले के विधायक रामकिशोर दोगने की उपस्तिथि में दिनांक 16 सितंबर 2024 सोमवार को शाम 4 बजे किया गया।प्रभारी दोगने जी ने सभी वरिष्ठ नेताओं को जवाबदारियां दी एवं किसान आंदोलन को सफल बनाने का निवेदन किया। मान्धाता विधानसभा के प्रत्याशी उत्तमपाल सिंह पुरनी ने बताया कि पुनासा से रैली के रूप में ट्रैक्टरों सहित में खुद भी ट्रैक्टर चला कर खंडवा किसान न्याय यात्रा में खण्डवापहुंचूंगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने 12 सितम्बर को खंडवा प्रवास के दौरान बैठक में सूचित किया था कि किसानों की समस्याओं को भाजपा सरकारे गंभीरता से नहीं ले रही हैं।कांग्रेस का अर्थात हमारा दायित्व है कि हमारे अन्नदाता की ज्वलंत और अत्यंत महत्वपूर्ण समस्याओं को जनता और प्रशासन के सामने पुरजोर तरीके से रखें। किसान यात्रा प्रभारी श्री दोगने ने कहा कि प्रदेश का किसान बहुत



परेशान है, प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय किसानों को किए वादों को पूरा नहीं किया है, आप देख रहे हैं किसान उग्र है और आंदोलन कर रहा है किसानों की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी के आव्हान पर दिनांक 20 सितंबर को प्रदेश सहित खंडवा में भी प्रभावी किसान न्याय यात्रा निकाली जाएगी,जिसमे लगभग जो कार्यकर्ताओ एवं किसानों की स्वीकृति मिली है उस हिसाब से 500 ट्रैक्टर आने की पूर्ण संभावना है इसमें संख्या में और भी बढ़ोतरी हो सकती है एवं सफल आंदोलन होगा।यह यात्रा पुरानी अनाज मंडी जलेबी चौक से दोपहर 12 बजे निकलेगी जो कलेक्ट्रेट पहुँचकर ज्ञापन देने के पश्चात समाप्त होगी। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने किसान न्याय यात्रा के संबंध में बताया कि मेरी और से आने वाले किसानों के लिए भोजन के पैकेट की व्यवस्था करूंगा एवं जो भी प्रयत्क्ष अप्रत्यक्ष सहयोग होगा वो मैं करूंगा। इस बैठक में किसान यात्रा प्रभारी हरदा विधायक रामकिशोर दोगने, राजनारायण सिंह पुरनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ,अवधेश सिसोदिया, मनोज भरतकर ,उत्तमपाल सिंह पुरनी,आलोक रावत, कुंदन मालवीय रूपाली बारे ,हेमलता पालीवाल ,भगवान भाई पाडलिया,पूनम पटेल ,शांतनु दीक्षित ,अजीज मदनी, संजीव पटेल, शैलेष पालिवाल,कड़वा पटेल ,धर्मेंद्र राठौर, संजय पाटीदार, रघुनाथ पटेल ,अमरेश पांडे , राणा सज्जन सिंह, विकास व्यास अय्यूब लाल ,प्रीतेश जैन, जयेश पटेल चमाटी सरपंच, राजू पटेल , आनंद पटेल, शिवराम भाई , राधेश्याम करजरे, मनोज वारंगा ,आनंद सिंह किल्लौद ब्लॉक अध्यक्ष ,चंदन राजपूत ,राधाकृष्ण सोलंकी किल्लौद,जय पटेल हरसवाड़ा, प्रेमांशु जैन, वामन राव जाधव, डा रजाक खान, विष्णु यादव शेखपुरा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

### घरेलु कामकाजी महिलाओं के बच्चो में नेतृत्व क्षमता विकास हेतु कार्यशाला का आयोजन

## संत मेरिस कैम्पस में 137 बच्चो सहित 10 महिलाओं ने भाग लिया

**खंडवा।**

मध्य प्रदेश घरेलू कामकाजी ट्रेड यूनियन संगठन की महिलाओ के बच्चो की एक दिवसीय कार्यशाला नेतृत्व क्षमता विषय पर संत मैरिज कैम्पस गणेश तलाई खंडवा में आज सोमवार 18 सितंबर को आयोजित की गई ।



इसमें 137 बच्चों सहित 10 महिलाओ ने भाग लिया .. रिसोर्स पर्सन *विहान स्टॉफ से कम्यूनिटी लाइजन फॉर हेल्थ (सीएलएच) श्री अर्पित पाल ने बच्चो को नेतृत्व क्षमता विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया ।उन्होंने बच्चो से परिचय कर लीडर क्या है उसके गुणों को विस्तार से बताते हुए टीम बिल्डिंग के महत्त्व को समझते हुए नेता कोन होता है नेता बनया जाता है या स्वयं बनता है, लीडर की क्या खूबी है ।लीडर हमेशा टीम को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित करता है और नियम का पालन कर समय पर कार्य करने के लिए टीम को प्रोत्साहित करता, है। टीम के साथ बेहतर समर्पण की भावना बनाया रखने का प्रयास करता है ।लीडर एकाग्रचित्त होकर टीम की बातो को ध्यान से सुनता है व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है यही एक अच्छे लीडर की पहचान है .. .ईमानदारी व स्वयं के उदहारण देना ..अच्छा संचार व भाषा का प्रयोग करना ..जिम्मेदारी की भावना बनाए रखना ...निर्णय लेने की क्षमता होना ...सीखना और सिखाना ...दूसरों की बातो को ध्यान से सुनना .. साहसी होना .. कार्य को लेकर टीम को उत्साहित करना .. टीम के लिए सकारात्मक सोच बनाए रखना .. एक अच्छा लीडर वही है जो दूसरों को संगठित करके मार्गदर्शन व आत्म विश्वास बनाए रखने का प्रयास करे .. आगे सभी बच्चो को वीडियो क्लिप के माध्यम से टीमवर्क के साथ कैसे आपसी समझ बनाना है इस विषय पर विस्तार से विचार साझा किया । लीडर के साथ पूरे टीम का होना बहुत ही आवश्यक है तभी एक अच्छे लीडर व टीम बिल्डिंग का निर्माण होता है .. लीडर के गुणों को समझा .. उन्होंने समूह को विभाजित कर लीडर केसा होना चाहिए गेम पेन,बॉल , टीम बिल्डिंग के माध्यम से बच्चो टीम को लेकर समझ बनाई ..सभी बच्चो ने लीडर के महत्त्व को जाना और टीम समूह को साथ लेकर चलने की आपसी समझ बनाई ..साथ ही बच्चो को संस्था द्वारा एजुकेशन सहयोग दिया गया विश्वास संस्था की निर्देशिका सिस्टर शेरिन जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया .. संचालन एनिमेटर मनीषा मोहे ने किया व आभार लीडर अनिता मोरे ने माना

## मां दुर्गाधाम मंदिर में श्री गणेश जी को आरती कर लगाया छप्पन भोग, केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

**खंडवा।** किशोर नगर जुनियर एलआईजी स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर में श्री गणेश जी की विधि विधान से स्थापना कर प्रतिरात्रि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं आराधना पूर्ण आस्था एवं विश्वास से की जा रही है। यह जानकारी देते हुए दीपक तांबट एवं समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि मंदिर में श्रीगणेश जी की महाकाकड़ा काकड़ा आरती एवं 56 भोग का आयोजन रविवार को रात्रि 8 बजे क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में किया गया। वहीं क्षेत्र के बाद बालिकाओं ने विशाल



केक काटकर बप्पा का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान रमेशचंद्र राठौर, कौशल महेरा, क्षेत्र के भजन गायक दीपक तांबट, लालू राठौर, निर्मल मंगवानी, राधेश्याम राठौर, खुशी वाध, संजय पाठक, मां दुर्गा धाम मंदिर महिला मंडल की नेहा कटारे, झुमका बाई, नीलम मेहरा, रंजीता चौहान, नेहा मंगवानी, वंदना राठौर, जया खंडेल, गिरिजा राठौर, ज्योति मंगवानी, सोनू चावड़ा, खुशबू राठौर, आरती, कनक अंजुला चितोडे, डिम्पी महेरा, शिवांश लाड, ऐनी, महक, अथर्व चौहान, नेतिक खंडेल, मिली, महिला मंडल की मातृशक्ति आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुजन उपस्थित थें।

## कीर्ति नगर में भक्त वत्सल महादेव की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**खंडवा ।** शहर के लोकमान्य तिलक वार्ड में स्थित कीर्ति नगर में भक्त वत्सल महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर कीर्ति नगर से विशाल शिवलिंग के साथ शिव परिवार का चल समारोह निकाला गया। इस शोभायात्रा में कीर्ति नगर के महिला पुरुष सहित समस्त रहवासी शामिल हुए। भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ शोभायात्रा पहले प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कैलाश नगर पहुंची। वहां से पूजा अर्चना के बाद रमा कॉलोनी में भी शोभायात्रा पहुंची। यहां अश्विन रायकर के घर के पास से स्वागत पूजन के बाद वापस कीर्ति नगर पहुंची। शोभायात्रा का घर-घर पूजन कर स्वागत किया गया। पिछले तीन दिनों से चल रही प्राण प्रतिष्ठा पूजन का महायज्ञ के साथ समापन किया गया। गौरतलब है कि कीर्ति नगर में बकावा के नर्मदा से निकले भक्त वत्सल महादेव के शिवलिंग को लाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा पूजन के यजमान पटवारी अश्विन रायकर का परिवार रहा।

## हिंदी पखवाड़ा के रूप में प्रदेश लेखक संघ खंडवा द्वारा मनाया गया हिंदी दिवस

**खण्डवा ।।** म.प्र. लेखक संघ जिला इकाई खंडवा द्वारा नीलम बजाज के निवास स्थान पर हिंदी पखवाड़ा डॉक्टर जगदीशचंद्र चौरे की अध्यक्षता में बैजनाथ सराफ के मुख्य आतिथ्य में तथा मोरेश्वर राव मंडलोई व इजी. राजेश आर्य के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया,अतिथियों का सम्मान मोतियों की माला द्वारा समिति सदस्यों द्वारा किया गया,प्रारंभिक उद्बोधन संस्था अध्यक्ष डॉ जगदीशचन्द्र चौर ने हिंदी की महत्वता को दर्शाते हुए उस पर बल दिया। बैजनाथ सराफ ने कहा कि- रंगों की अपनी शैली होती है वह कई अक्षरों का संयोजन करती है,जिसमे



हिंदी का महत्व है, हिंदुस्तान में हिंदी भाषा की ही आवश्यकता है, मोरेश्वरराव मंडलोई ना कहा -भाषा विचारों का वाहन है, डॉक्टर मनोहर भंडारी के प्रयासों से चिकित्सा का पाठ हिंदी में पढ़ाने लगे, सचिव देवेंद्र जैन ने कहा - कि जिस प्रकार हिंदू रीतिरिवाज से दशहरा दीपावली मनाई जाती है ठीक उसी तरह हिंदी का भी पर्व मनाया जाना चाहिए, प्राइमरी से हाईस्कूल तक के विद्यार्थियों में हिंदी भाषा की जागृति पैदा करनी चाहिए। आज के मुख्य वक्ता प्रोफेसर रश्मि दीक्षित रही जिन्होंने हिंदी पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि हिंदी संस्कृत से उत्पन्न हुई है, हिंदी खड़ी बोली के रूप में सामने आयी, परिवार में हिंदी के चलन को प्राथमिकता देनी चाहिए, सरकार ने इसे गंभीरता से लेना चाहिए तथा हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करना चाहिए। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का संचालन कवियित्री मंगला चौरे द्वारा किया गया जिसमें सर्वश्री - सुनील चौरे, दीपक चाकरे, देवेंद्र जैन, कविता जाटव, राजमाला आर्य, कविता विश्वकर्मा, मंगला चौरे, हेमंत उपाध्याय, स्वप्निल जैन, भूपेंद्र, तिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, रमेश भावसार, इजी. राजेश आर्य, महेश मूलचंदानी, सुनील जैन,नानक बजाज आदि ने हिंदी पर अपनी-अपनी कविताएं सुनाई जिसे सभी ने सराहा, कार्यक्रम का सफल संचालन मंगला चौरे ने किया तथा आभार देवेंद्र जैन ने माना।

# ईद मिलादुन्नाबी जुलूस हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों हुए शामिल

**खंडवा।** जश्न-ए-ईद-ए-मिलादुन्नबी शहर में पारंपरिक हर्षोल्लास एवं अकीदत के साथ मनाई गई। सोमवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समाज के हजारों लोग शामिल हुए। पैगंबर साहब का जन्मदिन जश्न-ए-मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है। नबी की आमद पर हर चेहरा खिला नजर आया। हजारों की तादाद में निकले जुलूस में नबी की आमद मरहबा जैसी नात-ए-पाक से शहर के मुख्य मार्ग गूंजते रहे। शहर में सप्ताहभर पूर्व से ही उल्लास का माहौल था।

### सभी मोहल्लो, गावों से

### जुलूस इमलीपुरा पहुंचे

इमलीपुरा से निकलने वाले मुख्य जुलूस में शामिल होने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों और मदरसों से अलग-अलग जुलूस निकाले गए। इनमें प्रमुख रूप से हजरत खानशाह वली कालोनी, पड़ावा चौक, कहारवाड़ी, घासपुरा एवं गणेश तलाई से जुलूस इमलीपुरा पहुंचे। जुलूस में शाही बग्गी नुमा जीप पर सवार शहर काजी सैय्यद निसार अली सहित नगर के मुस्लिम नेता सलीम पटेल, रियाज हुसैन, अहमद पटेल, ईकबाल कुरैशी, अकरम जाटू जाहिद खान, फरहाज शेख मौजूद रहे, तो वहीं हजारो की संख्या में मुस्लिम समाज जन इस जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग इस्लामिक



परचम साथ लेकर लहराते हुए, सरकार की आमद मरहबा, नबी की आमद मरहबा जैसे नारे लगा रहे थे। तो वहीं इस जुलुस का शहर के हर गली चौक चौराहों पर मंच लगाकर इस्तकबाल किया गया। वहीं जुलुस में शामिल लोगों को तबरूंक के तौर पर बड़ी संख्या में मिठाई, चॉकलेट, शरबत, पानी और फल भी वितरित किए जा रहे थे। इन मार्गों से निकला जुलूस

जुलूस की शुरूआत सुबह 11 बजे इमलीपुरा चौक से हुई। जुलूस मार्गो पर जगह-जगह सुरक्षा की दृष्टि पुलिस प्रशासन द्वारा बेरीकेट्स भी लगाए गए। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग नबी की शान में नात-ए-पाक पढ़ते हुए आगे बढ़े। इमलीपुरा, परदेशीपुरा, बड़ाबम चौक, तीन पुलिया चौराहा, सिनेमा चौक, रेलवे स्टेशन, गांधी भवन, केवलराम चौराहा, बांबे बाजार, घंटाघर, टाउन हाल, जलेबी चौक, मेडिकल चौराहा, शिवाजी चौक, हातमपुरा होते हुए जुलूस पुनः इमलीपुरा पहुंचा जहां सिरते पाक पर तहरीरी जलसे का आयोजन कर जुलूस का समापन किया गया।

### यह भी हुआ

हजारों सामाजिक बंधु ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस में हुए शामिल। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस बार शहर में की गई सजावट काफी अधिक रही। पुलिस प्रशासन भी जुलूस में मुस्तैदी के साथ शामिल हुआ। प्रशासन के सहयोग से जुलूस सफल रहा। जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कई जगह स्वागत गेट बनाए गए। उन पर रंग-बिरंगी लाईटिंग और नए-नए झंडे आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद पर्व को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जुलूस के साथ पूरे समय कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक डटे रहे। किसी भी अप्रिय घटना से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन ने शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इमलीपुरा से निकले जुलूस के साथ भारी पुलिस बल चल रहा था। साथ ही जिन स्थानों से जुलूस निकला वहां भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जुलूस का इस्तकबाल

इस अवसर पर जुलूस में प्रदेश कोर कमेटी मेंबर जिला प्रभारी मोहम्मद उमर ने शहर काजी निसार अली, रियाज हुसैन, अकील अशरफ साहब का इस्तकबाल किया। काजी रिजवान और उलमा इकराम का इस्तकबाल परवेज खान ने किया। गुलाम रसूल कादरी, बिलाल पेंटर, का इस्तकबाल इब्राहिम खान, मोसिन खान, वहीद मंसूरी, शाहबाज जिंद्रान ने किया। इफ्तखार अली शेख, फारुख अजहान, अहमद समीर, शेख सहिद समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# आज शाम चिकमंगलूर चौराहा से शुरू हो जाएगा चल समारोह

## साल के सबसे बड़े जलसे में मध्य क्षेत्र करेगा रतजगा, झांकियां तैयार, तो अखाड़े भी करेंगे शस्त्र कला का लाठी और बल्लम से प्रदर्शन







### स्वदेशी मिल गणेशोत्सव समिति, इन्दौर

**विद्युत सज्जा अमृत इलेक्ट्रीकल**

**प्रथम झांकी:** हनुमानजी पर आधारित है पाताललोक में रावण का भाई अहिर रावण ने राम-लक्ष्मण को बली देने के लिऐ बंधक बनाया था, तब हनुमानजी को पता चला तो हनुमानजी ने अहिर रावण का वध करके राम-लक्ष्मण को बंधन मुक्त कराया।

**द्वितीय झांकी:** मोबाइल पर आधारित है मोबाइल से आज की युवा पीढ़ी, बच्चे-बच्चियां सभी छोटे-बड़े लोग परेशान है कई घर बिगड गये है इनको रोकने के लिये संदेश दे रहे है कि मोबाइल पर बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो, बुरा मत कहो ।

**तृतीय झांकी:** कुम्भकरण पर आधारित है रावण का भाई कुम्भकरण छह महिने सोता था और छह महिने बाद उठता था । कुम्भकरण को उठाने के लिए रावण की सेना लगती थी, कोई हाथी के साथ, कोई भाले साथ, कोई खाना लेकर उसे उठाता था तब जाकर कुम्भकरण की नींद खुलती थी जब वह उठता था । झांकी कलाकार : राजतिलक वर्मा, विशाल वर्मा, सह कलाकार:राजेश वर्मा, राकेश वर्मा, मुविंग कलाकार: बन्टी वर्मा, अंकुश वर्मा, पेन्टींग : गोलू वर्मा, **विद्युत सज्जा** : अमृतलाल वर्मा, (वर्मा इलेक्ट्रीक नन्दानगर, मेनरोड़, इन्दौर) नन्नू, राजकुमार मोहने, भय्यु, चिन्टू, स्वदेशी मिल गणेशोत्सव समिति, इन्दौर, अध्यक्ष कन्हैयालाल मरमट, सचिव चम्पालाल वर्मा, कोषाध्यक्ष हीरालाल वर्मा, झाँकी कलाकार : राजतिलक वर्मा वर्ष 95 वाँ (वर्ष 2024), सहा. कलाकार विशाल वर्मा, उपाध्यक्ष गेन्दालाल वर्मा









### राजकुमार मिल्स गणेशोत्सव

कोषाध्यक्ष दिलीप माथुर, प्रचार मंत्री अजय सिंह ठाकुर, सुनील जैन, दिनेश पाल सिंह जादौन, राकेश तंवर, पंड़ित नवीन तिवारी (बंटी गुरु), पवन सोनी, सत्यनारायण वर्मा, सूरज पहलवान, विनोद लश्करी, राजेश सेन, प्रदीप, अनिल राठौर, रमेश कोल्हे, विशाल डाबी, मोनू ठाकुर, विक्का पहलवान, गौरव मालवीय, चंदूशेखर सैनी (बाबू), शंकर सेठ, लखन यादव, मच्छेन्द्र कोल्हे, राजू ठाकुर, अमित अग्रवाल, दीपक कुमायू, शिवम चौहान, जितेन्द्र सैनी (जीतू बाबा), विजय गायकवाड़, अक्षय गायकवाड़।

### श्री गणेश स्थापना पूजन एवं प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शन

माननीय कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, रमेश मैंदोला (लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रं. 2, गोलू शुक्ला (विधायक क्षेत्र के. 3, मुन्नालाल यादव (सभापति नगर पालिका निगम, इन्दौर, राजेन्द्र राठौर, (एम.आई.सी. सदस्य न.पा.नि. इन्दौर, नंदकिशोर पहाड़िया, (एम.आई.सी. सदस्य न.पा.नि. इन्दौर, महेन्द्र हार्डिया (विधायक क्षेत्र क्रं. 5, गौरव रणदिवे (भाजपा नगरअध्यक्ष)

### झांकी निर्माण में आर्शीवाद एवं सहयोग

पुष्यमित्र भार्गव महापौर, रमेश जी मैंदोला, महेन्द्र हार्डिया (विधायक क्षेत्र क्रं. 5, सज्जनसिंह वर्मा (पूर्व मंत्री, म.प्र . शासन), सत्यनारायण पटेल (राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस), रामबाबू मधूरलाल आग्रवाल पारमार्थिक न्यास

### झांकी निर्माण

रामानंद टेन्ट एवं इवेंट डेकोर, सहायक कलाकार, पेक्टर-प्रेष कोली, ताद पृथ्वीराज महवाग।







**मालवा मिल...**

मालपा मिल श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा अनन्त चतुर्दशी के पावन पर्व पर तीन झांकियों का निर्माण कर इस वर्ष अपने 90वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। जिसमे एक राष्ट्रीय तथा दो धार्मिक झांकियों का निर्माण कर प्रदर्शित किया जा रहा है

### प्रथम झांकी - राष्ट्रीय झांकी

अनेकता में एकता पर आधारित है ! झांकी के प्रथम भाग में सभी धर्मो पर आधारित है जिसमे हिन्दू-मुस्लिम-सिख-इसाई को गाईचारे के रूप में दिखाया गया है, भारत वर्ष में सभी धर्म को प्राथमिकता दी गई है तथा झांकी में भारत माता को राष्ट्रीयत के साथ रंगीन बल्बों से सुसज्जित किया गया है। इसकी में ना हिन्दू बनेगा, ना मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा पर आधारित है।

द्वितीय झांकी - हनुमानजी द्वारा श्रीराम की स्तुति एवं सीता स्वयंवर पर आधारित है ! द्वितीय इतंकी के प्रथम भाग में हनुमानजी द्वारा भगवान श्रीराम को अपने हाथों में लेकर श्रीराम स्तुति करते दर्शाया गया है साथ ही दूसरे भाग में 14 फीट की ऊंचाई पर सीता स्वयंवर करते हुए दर्शाया गया है तथा तीसरे में प्रभु श्रीरामजी को अयोध्या मंदिर में विराजित करते हुए दशांया गया है। इस झांकी को 3500 रंगीन याच, 100 पार लाईट कलर सेट से सुसज्जित किया गया है ।

### तृतीय झांकी - श्रीकृष्ण द्वारा माखन चोरी पर आधारित है

तृतीय झांकी ने श्रीकृष्ण भगवान को बाल रूप में अपने बाल सखाओं के साथ माखन चोरी करने पर गोपियों की शिकायत पर यशोदा मी व्दारा कृष्ण को बड़ी लेकर हराया जा रहा है, बीकृष्ण भगवान व्दारा माखन चोरी कर अपने सखाओं एवं बन्दरो के साथ खाते हुए दर्शाया गया है इस झांकी को 4 हजार रंगीत बत्यो व्यारा सुसजित किया गया है।

मालवा मिल गणेशोत्सव समिति, इन्दौर अध्यक्ष, श्री कैलाश कुशवाह मोबा. 9425905535, प्रधानमंत्री, श्री राजेन्द्र मरमट, कोषाध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र शर्मा, संयोजक, श्री संतोष वर्मा

**झांकी कलाकार:** श्री मनोज कुशवाह, मूर्तिकार, श्री जितेन्द्र कुशयाह(मनोजकुरात के शिष्य), श्याम इलेक्ट्रीक, नन्दानगर, इन्दौर, विद्युतः सज्जा, (ए-क्लास कॉन्ट्रेक्टर) श्याम बुरो, मैकेनिक, किशनलाल कुशवा।

### हुकुमचंद मिल...

हुकमचंद मिल गणेशोत्सव समिति द्वारा जनसहयोग से धार्मिक झांकियों का निर्माण किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र श्रीवंश ने बताया कि हुकमचंद मिल विगत 32 वर्षों से बंद होने के बाद भी लोकमाता अहिल्याबाई की पावन नगरी इन्दौर शहर की पुरातन गौरवशली धार्मिक परम्परा को इन्दौर विकास प्राधिकरण, नगर पालिक निगम, इन्दौर, नन्दानगर सहकारी साख संस्था, इन्दौर एवं कुछ दानदाताओं के विशेष सहयोग से धार्मिक परम्परा को जीवित रखा गया है।

गणेशोत्सव इस वर्ष अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन

कर रहा है एवं झांकी के साथ 11 अखाड़े भी शामिल रहेंगे ।

### प्रथम झांकी

सत्यम् शिवम् सुन्दरम् पर आधारित है। जीवन को सत्य-चित-आनंद के रूप में अनुभव किया जाता है। सत्य ईश्वरत्व सुन्दरता अस्तिव का सत्य उभरता है और अच्छे से भी बढ़कर ईश्वर का अनुभव होता है। अनुभव को सम्पूर्ण ईश्वर के रूप में महसूस किया जाता है । इस पर आधारित यह झांकी में दिखाने का प्रयास किया गया है। झांकी को बहुत ही सुन्दर कलात्मक रूप से मंदिरों का रूप दिया गया है जिसमें प्रातःकालीन गीत सत्यम शिवम् सुन्दरम को दर्शाया गया है। मंदिरों में रामा अवध में, काशी में शिव को सम्बोधित किया गया। इसे चर्मोकोल, फाइबर एवं फेबीकेशन के कार्य से किया जाकर इसमें आधुनिक विद्युत सज्जा कि गई है। यह झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगी ।

इस झांकी में 5000 बड़े बल्ब, 4000 छोटे बल्ब एवं पार लाईट और हेलोजन भी लगे है।

### व्दितीय झांकी

कृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित है श्री कृष्ण पर आधारित होकर भगवान कृष्ण के जन्म पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की नन्दोत्सव दर्शाया गया है जिसमें नन्दबाबा के गांव में कृष्ण जन्म को हर्षोउल्लास से मनाते दिखाया जा रहा है। गोपी एवं गोपियों को झुमते गाते दर्शाया जा रहा है। यह झांकी 45 फिट लम्बी होकर इसमें पारंपरिक विद्युत सज्जा की जा रही है। यह झांकी पार लाईट एवं कलर सेट से सुसज्जित रहेगी ।









### कल्याणमिल सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति

श्री युवराज काशिद उस्ताद अध्यक्ष,हरनामसिंह धालीवाल ,प्रधानमंत्री देवीसिंह सेंगरकोषाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण पाठक उपाध्यक्ष ,महेश चौकसे मधुसुदन काम्बले मंत्री, कन्हैयालाल चौघानिया ,महेन्द्रसिंह सिकरवार,रामनाथ यादव,

### प्रथम झांकी

कालका माता द्वारा रक्तबिज दानव का वधव दुर्गा पूजा पर आधारित है माताजी के भक्तजनों की पूजा-अर्चना भंग करने के लिये रक्तचिन दावन अपने साथी राक्षसों के साथ भक्तों को सताता है तब माता कालका का रूप धारण करके युद्ध करती है और उसका वध कर देती है। इस दृश्य को झांकी में दर्शाया गया है । वही दुसरी और झांकी में माता दुर्गा को आकाश मार्ग से नीचे आते हुए दर्शाया गया है जिसे माता के भक्त जन नगाडे बजाकर धूमधाम से पूजा-अर्चना के साथ आरती कर रहे है । इस झांकी में 6800 बड़े बल्ब, पिक्कड निवाड़ 8000, 20 नग हाई मास्क एवं 18 पार लाईट से सुसज्जित किया गया है ।

### द्वितीय झांकी

भारत के महाअमृत महोत्सव मेला एवं एकता-अखण्डता भाईचारे पर आधारित है

भारत की एकता अखण्डता के लिए नन्हे मुन्हे बच्चों व्दारा 7 हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई के भेष में भाईचारा का संदेश देते हुए दर्शाया गया है । वही इसी झांकी में भारत का अमृत महोत्सव मेले का दृश्य दर्शाया गया है जिसमें उत्सव की खुशी में आनंदित होकर लाड़ली बहना झूला झुलकर अपनी खुशी का इजहार कर रही है । इस झांकी में 3800 बड़े कलर बल्ब, पिक्कड निवाड़ 5000, मेटल लाईट 15 एवं 18 पार लाईट से सुसज्जित किया गया है ।

### झांकी कलाकार

अनवर भाई( राज डेकोरेशन), मनोज पेन्टर, कल्लू यादव, अय्युब पठान, किशोरीलाल शर्मा, साहू इलेक्ट्रीकल्स, डेकोरेशन एण्ड टेन्ट हाउस, इन्दौर चन्दुलाल साहू, लवकेश साहू, माही साहू, पवन साहू, अक्षय साहू, मनोज साहू, श्याम वर्मा (बोस), राजेश इंगले, गुड्डू भईया, नीरज देवांग, श्री जी इलेक्ट्रीक, नागेश चौहान, सोनू वेल, राकेश राठौर, पियुष चौधरी, महेन्द्र बंसल, महेन्द्र अहिरवार, आरीफ अली, शिव अहिरवार, अंकित ।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com